With these words, I hope that the Government will come forward with some specific plans and programmes for a permanent solution of the flood problems. They should try and channelise the rivers, train and desilt the rivers, and some additional relief should be given to the farmers who are affected by the recurring flood situation in Assam.

MR. CHAIRMAN : Shri Raghunath Jha, you have only five minutes at your disposal. Please cooperate with the Chair.

SHRI RAGHUNATH JHA : Sir, you have given me five minutes and five minutes from my side.

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया)** : माननीय सभापति महोदय, यह सदन अत्यंत ही महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा कर रहा है, जहां राट्र के भूभाग भयंकर रूप से बाढ़ से प्रभावित हैं, वहीं कुछ सूखे से प्रभावित हैं। माननीय सदस्यों ने अपने-अपने राज्यों के संबंध में और देश के संबंध में चिन्ता जाहिर की है। बाढ़ किसी राज्य की, राट्र की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक अंतरराट्रीय समस्या हो गई है। हमारे यहां बिहार को जो प्रतिर्वा नुकसान होता है, वह नेपाल से आने वाली नदियों से होता है। कुछ बंगाल का और कुछ पूर्वी उत्तर प्रदेश का हिस्सा इससे प्रभावित होता है। एक तरफ कहा जाए कि सिर्फ नेपाल से नहीं, बल्कि तिब्बत के जरिए, मतलब चीन का भी हिस्सा उससे संबंधित हो गया। हमारा दुर्भाग्य है कि बिहार के 20 जिले उत्तर-बिहार की बाढ़ से भयंकर रूप से प्रभावित हैं। पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा और मधुबनी भयंकर रुप से प्रभावित है। वहां सारी सड़के टूट गई हैं, नेशनल हाईवे की सड़कें टूट गई हैं। रेल लाईन टूट गई है। अभी माननीय सुशील मोदी जी ने सात लाख गरीबों के घर बाढ से गिरने के बारे में बताया है, अभी तक जो गणना हुई है। मेरा कहना है कि आगे और भयंकर रूप से घर गिरेंगे। इतने गरीबों के घर बर्बाद हुए हैं और उन्हें कोई देखने वाला नहीं है। माननीय गृह मंत्री जी आपदा प्रबंधन के मंत्री यहां मौजूद हैं, उनसे हम विनम्रता पूर्वक निवेदन करना चाहेंगे। अगर राज्य सरकार के भरोसे आप छोड़ देंगे, क्योंकि नेपाल से आने वाली नदियों से हमारा नुकसान होता है। क्या बिहार सरकार को अधिकार है कि वह नेपाल से वार्ता करे। इसके लिए मेरा आपसे सुझाव है कि आप एक ज्वाइंट कमीशन बनाएं, जिसमें भारत सरकार और नेपाल सरकार तथा बिहार सरकार भी उसमें हिस्सेदारी करे ताकि आप इनका निदान ढूंढ लें। प्रधानमंत्री जी वहां गए थे, मुझे खुशी है, मैं उन्हें बधाई देता हूं कि बिहार की गरीबी और बाढ़ से हुए भयंकर नुकसान और सुखाड़ की स्थिति को इन्होंने स्वयं देखा। बिहार की सरकार की ओर से 8000 करोड़ रुपए नुकसान का, जमीन, सड़क, फसलों की बर्बादी के लिए, मकान ध्वंस्त हुए, इन सब चीजों के लिए मांग की है। लोगों के जान-माल के भी नुकसान हुए। करीब 700 व्यक्ति इस बाढ़ से मरे, लेकिन प्रधानमंत्री जी ने सीआरएफ से मात्र हमें 115 करोड़ रुपए देने की घोाणा की है, यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। हम समझते हैं कि यह एक मजाक है।

महोदय, हम भारत सरकार को बधाई देते हैं, विशोकर जयप्रकाश जी को बधाई देते हैं कि उन्होंने जो भारत नेपाल के ज्वाइंट प्रोजेक्ट आफिस ऑफ सप्त कोशी हाई डेम एंड सनकोशी स्टोरेज डेम डायवर्शन प्रोजेक्ट के बारे में सात स्थानों पर जो तय हुआ था, वहां हमारे आफिस खुल जाएंगे और वे दोनों राज्यों के बीच में मोनिटरिंग करेंगे। उनमें से विराटनगर में माननीय मंत्री जी 17 तारीख को खोलने जा रहे हैं, शुरूआत कर रहे हैं। इसके लिए हम उन्हें बधाई देते हैं, लेकिन शो जगहों का क्या हुआ और कब तक कार्यालय शो स्थानों पर खुल जायेंगें ? इन 6 जगहों पर भी प्रोजैक्ट्स हैं। अभी यहां शुरू में कोसी और सप्तकोसी पर है, लेकिन यहां भयंकर रूप से जो हमारा इलाका गंडक से प्रभावित है, जो नेपाल से बिहार में आती है, बागमती, कमला और अदवारा समूह की नदियां हैं, महानन्दा है, जिससे नुकसान होता है, इसके ऊपर बात करने के लिए आपने नेपाल से इसी तरह से वहां से आपने कोई कार्रवाई शुरू की है या नहीं? इस पर आप कार्रवाई शुरू कीजिए, नहीं तो बिहार का कोई निदान नहीं होने वाला है और बिहार से गरीबी दूर नहीं होने वाली है। ऐसे मौके पर जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर बराबर याद आते हैं, बिहार असेम्बली में बराबर 20 वार्ों तक उनके साथ हमें बैठने का मौका मिला है, चाहे पक्ष में या विपक्ष में। कर्पूरी ठाकुर जी बराबर कहा करते थे कि जब तक भारत सरकार नेपाल सरकार से

कारगर ढंग से बाढ़ का स्थाई समाधान नहीं ढूंढेगी, तब तक बिहार से गरीबी दूर नहीं होगी।â€¦ (व्यवधान)

अभी तो हमने शुरू ही किया है, हम खत्म कर रहे हैं। यह इम्पोर्टेंट मैटर है, इसलिए आपसे हमारी प्रार्थना है, हम कोई अनर्गल बात नहीं बोल रहे हैं। हम आपसे नि वेदन करना चाहेंगे कि आप इस पर विचार कीजिए। विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जब तक तैयार होगी, हम जानना चाहते हैं कि दो र्वा पूर्व 2001 में 30 माह का समय निश्चित हुआ था, इसमें अनुमानित प्रकरण 83 थे और 24,500 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था। इस अनुमानित राशि की कोई आगे बजटीय प्रावधान के लिए योजना आयोग से विचार किया जायेगा? अगर इसकी स्वीकृति हुई तो इसके लिए बहुत धन्यवाद।

दूसरा हमारा निवेदन है कि बाढ़ के स्थाई हल के लिए विदेश मंत्रालय को हम कह चुके हैं कि माननीय मंत्री जी उसे करें। सात स्थानों के बारे में भी हम कह चुके हैं कि बड़ा क्षेत्र, विराट नगर, लहान, कुरगे, जनकपुर, काठमांडू और चतरा में आफिस खोलिये और जल्दी शुरू करिये। उसके साथ-साथ आप इन स्थानों पर काम करिये।

एक बात हम माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहेंगे कि सूचना तंत्र अभी उसी तरह से है, जैसे एग्जिट पोल करता था कि हर जगह भाजपा को जिता रहा था और हम लोग यहां आकर बैठ गये। उसी तरह से सूचनातंत्र नेपाल, दिल्ली एवं बिहार के बीच एक साथ सूचना प्राप्त हो, इसके लिए कोई कोआर्डीनेशन होना चाहिए और सूचनातंत्र को भी ठीक होना चाहिए, जो समय पर बाढ़ का फोरकास्ट करे, र्वा का फोरकास्ट करे और नुकसान से बचाव के लिए व्यवस्था करे। हमारे यहां नेपाल से जो बात की, इसीलिए हम लोग चाह रहे हैं कि हम लोगों के एरिया में भी काठमांडू जाकर नेपाल सरकार से वार्ता करके उसका स्थाई समाधान ढूंढें।

दूसरी बात, हमारे यहां जो बेसिन है, गंडक से लेकर कोसी के बीच में जितनी भी नदियां हैं, उन नदियों को आप जोड़ने का, रीवर लिंकिंग का सबसे पहले काम कीजिए, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट आप बाद में करते रहिये। इससे भी हमारा बड़ा लाभ होगा। तीसरी बात यह है कि तटबंधों को मजबूत करने में हम सुशील मोदी जी की एक बात से सहमत हैं कि तटबंधों को पक्का कर देना चाहिए, उन पर सड़क बना देनी चाहिए। तीसरा काम नहरों की डीसिल्टिंग का है। तीसरी बात है कि जो नदी सांप की तरह घूमती है, उसके कारण दर्जनों गांव बिहार में कटाव के घेरे में हैं। उसके बीच में फेरकर गांवों का बचाव हो सकता है। इसके लिए भारत सरकार को मदद करनी चाहिए। हम लोग यह मांग आपके जरिये करना चाहते हैं। तीसरी बात, आप यहां बैठे हैं, बिहार के भारत सरकार के मंत्री श्री जयप्रकाश नारायण यादव, सिंचाई मंत्री थे, हम इनसे पूछना चाहते हैं कि आप बिहार के मंत्री हैंâ€¦ (व्यवधान) हम खत्म कर रहे हैं।

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, your time is over. You have taken more time. We will have to take a decision and I would like to know the sense of the House.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव :** चर्चा का समय बढ़ा दिया जाये। इस पर हाउस की सेंस ले ली जाये।

MR. CHAIRMAN: There are a good number of speakers who want to speak on this issue.

**श्री रघुनाथ झा :** हाउस का समय एक घंटा बढ़ा दिया जाये।

MR. CHAIRMAN: Please take a decision now. Shall we extend the time by one hour, that is, till 7 o'clock?

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव :** सदन में सभी दलों से सहमति ले ली जाये।â€¦ (व्यवधान)

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, I was under the impression that for discussion under Rule 193, two-and-a-half hours are given. Now, we are discussing this matter for the last so many hours. Therefore, it would be difficult for me to adjust the time because I have other Cabinet meetings on very important issues to attend. If the discussion has to be continued, I seek your permission to leave the House. My colleague will be sitting here.

MR. CHAIRMAN: The sense of the House can be taken. I would like to know whether we should extend the time up to 7 p.m. or 6.30 p.m.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Would you like me to leave at 6.30 p.m?

**18.00 hrs.**

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : सभापति महोदय, आप इस पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति ले लीजिए क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण चर्चा है। â€¦ (व्यवधान)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I have no objection for the discussion going up to seven o'clock today, or for two-three hours afterwards also. The only thing I seek from you is permission to leave the House at 6:30 p.m.

SHRI KIRIP CHALIHA : The Minister may be allowed, Sir.

MR. CHAIRMAN : Okay. The time of the sitting is extended till seven o'clock.

**श्री रघुनाथ झा :** सभापति महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। â€¦ (व्यवधान)

हम लघु सिंचाई के बारे में कहना चाहते हैं â€¦ (व्यवधान)आपने बिहार और झारखंड को क्यों छोड़

दिया? सभी राज्यों को इसमें सम्मिलित किया गया है लेकिन बिहार को छोड़ दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि इसमें बिहार को क्यों छोड़ा गया है ? â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude. The time is extended for others, not for you. Your time is over.

**श्री रघुनाथ झा :** मेरा कहना है कि एआईबीपी की जो योजना है, उसमें आप बिहार को सम्मिलित कीजिए ताकि हम छोटे-छोटे चैक डैम बनाकर, पोखर बनाकर पानी संचित कर सके और मुसीबत में उसका इस्तेमाल कर सकें। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, your time is over. The extension is meant for others.

I now call Shri Shailendra Kumar to speak.

**श्री रघुनाथ झा :** मैं एक ही बात कहना चाहता हूं। â€¦(व्यवधान)मैं एक बात कहकर अपनी बात खत्म कर रहा हूं। â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I am extremely sorry, I cannot allow you to continue.

Please conclude.

...(*Interruptions*)

**श्री रघुनाथ झा :** बिहार सरकार पर बड़ा भारी कर्जा है। हमको 24 हजार करोड़ रुपये प्रति र्वा सूद में चुकाना पड़ता है। आपने पंजाब राज्य का कर्जा माफ किया है जो कि इकोनामिकली अच्छा राज्य है। इसके अलावा दूसरे राज्यों का भी आपने कर्जा माफ किया है। हम बिहार के लिए आपसे निवेदन करना चाहते हैं कि हमारे राज्य का भी कर्जा माफ किया जाये और आठ हजार करोड़ रुपये जो बिहार सरकार ने मांगे हैं, उसे दिया जाये जिससे टूटी सड़कें तथा अन्य चीजें बनाई जा सकें। सरकार बनाने में हमारे राज्य का भी काफी योगदान है इसलिए हमको भी कुछ मुनासिब हिस्सा मिले, यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बाढ़ और सूखे की चर्चा पर बोलने का मौका दिया। बाढ़ पर सभी सम्मानित दलों के सदस्यों के विचार आये हैं। बाढ़ केवल प्राकृतिक प्रकोप नहीं है बल्कि एक मानवजन त्रासदी है जिसमें राजनीति न करके सभी दलों के सम्मानित सदस्यों को मिलकर इस पर विचार-विमर्श करना चाहिए। यहां पर तमाम सदस्यों ने अपनी बात रखी है कि नेपाल में हिमालय से निकलने वाली नदियां हैं, कुछ चीन, तिब्बत का हिस्सा है।

**18.04 hrs. ( Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)**

जैसा अभी माननीय पीठासीन अधिकारी श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव जी ने एक प्रौजेक्ट के बारे में कहा, मैं उससे अपने को सम्बद्ध करते हुए कहूंगा कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार करे ताकि बाढ़ जैसी त्रासदी से हम लोग निपट सकें।

जैसे-जैसे मानसून अपना रंग दिखाता है वैसे-वैसे नदियों में उफान आता है, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। लेकिन जहां तक बाढ़ का सवाल है, उस पर तीन वजह से इफैक्ट पड़ता है। सबसे पहला कारण अनियंत्रित शहरीकरण है। जैसे जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में अनियंत्रित शहरीकरण बढ़ता जा रहा है। यह इसका एक मुख्य कारण है। दूसरा, वनों की कटाई और तीसरा खनन है। ये तीनों ऐसी विभीकिा के उक्त प्रेरक हैं जिसके कारण बाढ़ का प्रकोप आता है। बाढ़ में केन्द्र सरकार लाखों रुपये राज्यो को देती है और करोड़ों रुपये खर्च करती है लेकिन बाढ़ के पहले हम कुछ नहीं कर पाते। बाढ़ के बाद जो भी तबाही होती है, उसमें ज्यादा पैसे हम पुनर्वास के लिए खर्च करते हैं।

हमें बाढ से पहले इंतजाम करना चाहिए कि हम उससे कैसे निपट सकें और बाढ़ को कैसे रोकें। बिहार का 16 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ से प्रभावित होता है जैसे अभी सम्मानित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। बाढ़ के लिए आजादी से पहले तत्कालीन गवर्नर श्री हैल्ड की अध्यक्षता में डा. राजेन्द्र प्रसाद एवं तमाम वरिठ सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया था कि जो तटबंध बांधे जाते हैं, उनकी खास जरूरत नहीं है। उन्होंने तटबंधों की उपयोगिता को नकारा भी था। आजादी के बाद छोटी-छोटी नदियों को बांधने का जो प्रावधान था, वह भी बाढ़ का मुख्य कारण है। मौसम विभाग की रिपोर्ट एक तरह से मृगमरीचिका के समान है। 524 जिलों में से 288 जिले अकाल मुक्त घोाित किए गए हैं जबकि ऐसा नहीं है। अगर आप रिपोर्ट देखें तो वह सरासर गलत है। किसान जो भी फसल बो रहा है, वह सूख रही है। गांव में एक कहावत है - का र्वा जब कृाि सुखाने। मौसम विभाग का फोरकास्ट बिल्कुल गलत होता है। किसान र्वा की आस में बुवाई को टाल रहा है। बुवाई टालते-टालते यह स्थिति आ गई है कि तमाम फसलें चाहे तिलहन की हों या धान की, उन पर डायरैक्ट प्रभाव पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में धान की 80,000 हेक्टेयर की पैदावार का लक्ष्य था जो अब संभव दिखाई नहीं पड़ रहा है। इसी तरह अभी तक एक-तिहाई तिलहन की बुवाई नहीं हो पाई है। ऐसी स्थिति में किसान के सामने सबसे बड़ी समस्या है। आज सरकार आपात स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में बफरस्टॉक की बात करती है। बाढ़ के साथ-साथ सूखे की जो स्थिति है, उससे निपटने के लिए देश और प्रदेशों में कितना बफरस्टॉक है, इस पर भी सरकार को विशो ध्यान देना होगा। बफरस्टॉक का समय पर सदुपयोग हो ताकि जरूरतमंद लोगों को उससे डायरैक्ट लाभ मिल सके। आज उत्तर प्रदेश के 30 जिले सूखे से प्रभावित हैं और यह संख्या घट नहीं सकती बल्कि बढ़ सकती है क्योंकि सूखे की स्थिति बराबर हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार भी अन्य जिलों का सर्वे करवाकर उनको धीरे-धीरे सूखा प्रभावित जिले घोाित कर रही है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार को चाहिए कि पूरे प्र ादेश, मैं खासकर उत्तर प्रदेश के बारे में कहना चाहूंगा क्योंकि मैं वहीं से चुनकर आता हूं, मंत्री महोदय बैठे हुए हैं, केन्द्रीय दल की एक टीम सर्वे के लिए भेजें जो यह देखे कि कहां-कहां बाढ़ की स्थिति है और कहां-कहां सूखा है। उसके मुताबिक धन देना चाहिए क्योंकि हर प्रदेश के आर्थिक संसाधनों की स्थिति सीमित होती है। मुख्य मंत्री कृाि मंत्री जी से मुलाकात कर चुके हैं। साथ ही श्री अजीत सिंह, श्री अमर सिंह भी मिले हैं। आज ही हमारी पार्टी के नेता प्रो, राम गोपाल जी ने कृाि मंत्री जी से एक अनुपूरक प्रश्न पूछा था। कृाि मंत्री जी ने आश्वासन दिया है। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की सूखे की स्थिति से निपटने के लिए जो भी हो सके, हर संभव तत्काल मदद करनी चाहिए। इस समय उत्तर प्रदेश सरकार के पास जो भी संसाधन हैं, उनसे वह निपट रही है। सूखे की स्थिति में यमुना जल बंटवारा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं चाहूंगा कि सरकार इसकी तरफ पहल करे और इस मामले को निपटाए ताकि सिंचाई की समस्या दूर हो सके, खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जो जिले सूखे से प्रभावित हैं, यह भी एक कारण है। आपने उत्तर प्रदेश को जो 66.8 करोड़ रुपये दिए हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। उत्तर प्र ादेश सरकार ने 18 हजार करोड़ रुपये का जो पैकेज मांगा है, पूरे देश का ह्रदय प्रदेश उत्तर प्रदेश है, उसकी आर्थिक रूप में मदद करनी चाहिए ।आज मैं ज्यादा कुछ न कहकर इतना ही कहना चाहता हूं कि जो र्वा का जल है, भू-गर्भ का जल है और साथ ही साथ बाढ़ का जल है, उसको किस प्रकार से हम संचित करके उसका उपयोग करके हम सूखा और बाढ़ की स्थिति से निपट सकें, इस ओर सरकार को गंभारता से सोचना पड़ेगा। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र खासकर इलाहाबाद-द्वावा में बसा हुआ यह क्षेत्र है और गंगा-यमुना दोनों के बीच में बसा हुआ चैल है। दो नदियों के बावजूद भी हमारे यहां सूखा है। प्रदेश सरकार से प्रायोजित परियोजना केन्द्र सरकार को भेजी गई है जिसमें गुरौली और सैदपुर की ये परियोजनाएं हैं। मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इसमें ध्यान दे ताकि वहां की असिंचित जमीन सिंचिंत हो सके। इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और सरकार से निवेदन करता हूं कि सरकार इस दिशा में समुचित कदम उठाए।

**श्री खीरेन रिजीजू (अरुणाचल पश्चिम) :**सभापति महोदय, सभी सदस्यों ने आज की चर्चा में दूसरे प्रदेशों के बारे में कहा है, मैं संक्षेप में अरुणाचल प्रदेश के बारे में बात रखूंगा क्योंकि असम, बिहार और सारे प्रदेशों के बारे में यहां पर कहा गया लेकिन अरुणाचल प्रदेश के बारे में लोगों ने इसलिए नहीं कहा कि यह बहुत दूरदराज के इलाके हैं। वहां मीडिया नहीं जा सकता। उसकी खबर यहां छापते नहीं हैं। सरकार को इसके बारे में पूरा ज्ञान नहीं मिलता है। इसलिए किसी को इससे कंसर्न नहीं है। वास्तव में अगर अरुणाचल प्रदेश को देखेंगे। â€¦(व्यवधान)

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): I have mentioned about Arunachal Pradesh.

SHRI KHIREN RIJIJU : What I am saying is that some hon. Members have mentioned about Arunachal Pradesh. But I am asking about the extent of damage.

MR. CHAIRMAN : Shri Prabodh Panda has already mentioned about Arunachal Pradesh.

**श्री खीरेन रिजीजू :** हमारे मुख्य मंत्री जी ने माननीय गृह मंत्री जी को सारी जानकारी दी हुई है कि अरुणाचल प्रदेश में कितना डैमेज हुआ है और टोटल 525 करोड़ रुपये की हम लोगों को राहत देनी है। अभी तक होम मिनिस्ट्री से या गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से कि वे कितना क्या कर रहे हैं, इसका हम लोगों को आइडिया नहीं है। में अपने क्षेत्र में दौरा करके आया हूं। मेरे साथी जो सदस्य हैं, वह भी वहां गये थे और लोगों ने खासकर यह कहा कि आप पार्लियामेंट में यह बात उठाइए कि केन्द्र सरकार क्या हमारे दुख-तकलीफ को सुन रही है या नहीं सुन रही है। जब माननीय प्रधान मंत्री जी असम गये थे, उनको मैंने एक पत्र भी लिखा था कि प्रधान मंत्री जी आप असम जा रहे हैं, अरुणाचल प्रदेश का एरिया सर्वे करके आइए लेकिन प्राइम मिनिस्टर साहब के पास समय नहीं था और वह नहीं जा पाए। फिर भी मैं उम्मीद करता हूं कि केन्द्रीय सरकार कुछ-न-कुछ करेगी क्योंकि अरुणाचल प्रदेश का इलाका बहुत बड़ा है लेकिन जनसंख्या बहुत कम है। अभी 15 लोग मरे हैं और करीब-करीब 1,50,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। अरुणाचल के लिए यह बहुत बड़ी बात है। वहां पर रोड-कम्युनिकेशन, टेली-कम्युनिकेशन तथा सामान्य जन-जीवन का नुकसान हुआ है लेकिन अरुणाचल प्रदेश में अगर 15 लोग मरे हैं और 25 लोग घायल हुए हैं तो यह बहुत बड़ी बात है क्योंकि अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या बहुत कम है। माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी के नेतृत्व में एक कमेटी बनी थी। वह कमेटी अभी तक अरुणाचल प्रदेश नही गई है। उनका भी वहां जाना जरूरी है लेकिन इससे पहले राहत, इमर्जेंसी रिलीफ पैकेज जल्दी से जल्दी देना चाहिए क्योंकि एक महीने से ज्यादा हो गया है। हमने यह बात लिखित रूप में भी कही है। हमने पार्लियामेंट के बाहर प्रदर्शन भी किया है। असम और बिहार के लिए कहते हैं कि ऊंट के मुंह में जीरा है। हमारे यहां तो कुछ भी नहीं दिया है।

इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा कम से कम जो इमीडिएट रिलीफ है, वह अरूणाचल प्रदेश को दी जाए। वरना वहां जो लोग बार-बार यह कहते हैं कि वहां एलीनिएशन फील हो रहा है, चाहे बीजेपी की सरकार हो या कांग्रेस की, अगर केन्द्र की सरकार इस तरह का व्यवहार रखती है तो वहां के लोगों में इस तरह की मानसिकता पैदा होना सही है कि हमें अलग रखा जा रहा है। इसलिए सरकार को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए, यह मेरी गृह मंत्री जी से दरख्वास्त है।

अरूणाचल प्रदेश में काफी एरिया में जंगल है। इसलिए काफी धीमी गति से रिलीफ पहुंचती है। वहां पर राज्य सरकार का पवनहंस हैलीकाप्टर पैसेंजर्स को छोड़ कर राहत देने के काम में लगा हुआ है। मेरी केन्द्र से मांग है कि कम से कम दो हैलीकाप्टर कुछ समय के लिए वहां प्रोवाइड किए जाएं, जिससे वहां के लोगों को जल्दी रिलीफ मिल सके।

अभी हमारे असम के माननीय सदस्य ने कहा कि इस प्राब्लम को नेशनल प्रब्लम डिक्लेयर किया जाए। हमारा मानना है कि अगर अरूणाचल प्रदेश में बाढ़ नहीं आती है तो असम में भी नहीं आती है, क्योंकि असम में 80 प्रतिशत बाढ़ का पानी अरूणाचल प्रदेश से आता है। कुछ पानी चाइना से भी आता है और कुछ अरूणाचल प्र ादेश की पहाड़ियों पर बर्फ पिघलने से भी आता है। इसलिए मामूली रिलीफ देकर वहां काम नहीं चलेगा। इसे आपको गम्भीरता से लेना होगा। अरूणाचल प्रदेश एरिया में काफी है और जनसंख्या में कम है। यह यंग स्टेट भी है। इसलिए इसको विशोरूप से लेकर विशे। ध्यान वहां देना चाहिए।

**चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) :** सभापति महोदय, मैं आपका शुक्रियाअदा करना चाहूंगा कि मुझे बोलने का समय दिया। मैं कुछ सुझाव देना चाहूंगा, क्योंकि सारा समय कुछ लोग ले लेते हैं.

**सभापति महोदय :** आप अपनी बात कहें।

**चौधरी लाल सिंह :** मैं अपनी ही बात कहूंगा। हमारी संसद पूरे हिन्दुस्तान की संसद है। यह ध्यान रखा जाए कि सभी राज्य बराबर हैं। जिनको ज्यादा नुकसान हुआ है, उनको ज्यादा फायदा हो, तो हमें खुशी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि एक राज्य के 20 सदस्य बोल जाएं और किसी प्रदेश के एक भी सदस्य को मौका न मिले, यही मेरा निवेदन है। यही ज्यादातर होता है।

बाढ़ और सूखा दोनों ही देश के लिए प्राब्लम है। 1947 से लेकर आज तक केन्द्र से पैसा जाता रहा और वहां आता रहा। वह पैसा कहीं बाढ़ से मदद के लिए गया, कहीं सूखे से निपटने के लिए गया। आपने बहुत से पैकेज और योजनाएं बनाईं। मैं आदरणीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्िात करना चाहूंगा। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या आपने इस बात की जांच की है कि जिस काम के लिए पैसा गया, जमीन पर वह कितना लगता है यानी हकीकत में कितना खर्च होता है ? आप गृह मंत्री हैं, अगर आपके नीचे यह पैसा चैक नहीं किया जाएगा, तो उससे कोई फायदा नहीं होगा. आप कहते हैं कि हमने पानी की तरह पैसा दिया है, अब भी दिया है और देते रहेंगे। लेकिन इस पैसे का जमीन पर कितना इस्तेमाल हुआ, यह भी आपको देखना चाहिए। जो किसान है, मजदूर है, जो हर साल बहता है और सूखे की जिल्लत झेलता है, उस पर सारा पैसा लगना चाहिए। जो लोग इस पैसे का इस्तेमाल करते हैं, देखने में आता है कि उनके तो हर साल महल बनते हैं, लेकिन गरीब की हर साल जमीन बह जाती है, कुल्ली बह जाती है। इसलिए जो आप पैसा देते हैं, उसको चैक नहीं करेंगे,तो आप चाहे कितनी भी योजनाएं बना लें, नहरें बना लें, कुछ नहीं होगा। दरियाओं ने भी किनारे छोड़ दिए हैं, क्योंकि वे बीच में से उठ चुके हैं।

दोनों साइडें कवर कर रहे हैं। क्यों कर रहे हैं? आपके जंगल कट गये हैं जिससे आपकी तबाही और बर्बादी की गयी है। आप कहते हैं कि सोसाइटी में असंतुलन हो गया है, वह तो होगा ही। मैं जम्मू-कश्मीर की बात कर रहा हूं। आप जितनी तनख्वाहें अपने कर्मचारियों को देते हैं वह ज्यादा है, कम नहीं है। आपका फ्लड कंट्रोल डिवीजन है, उनके कर्मचारियों की तनख्वाह ज्यादा है, कम नहीं है। This is the height of it.

सूखा क्यों आया? हमारे पुरखों ने जो तालाब बनाए थे वह सब आपने नहीं संभाले। जब आप हवाई जहाज से आसमान में जाते हैं तो जमीन पर भी देखो कि कितने तालाब हमारे पूर्वजों ने बनाए जो आपने डैमेज करके छोड़ दिये, जो वहां की नमी मैनटेन करते थे। आपने जंगल और तालाब तबाह कर दिये। आप कहते हैं कि सूखा, तो सूखा तो आपको लगना चाहिए, इससे भी ज्यादा आपको ड्रॉट लगेगा। आपने ट्यूबवैल लगाए, जमीन से पानी निकाला। आपने सूखा पैदा कर दिया। आपने कभी ग्रैविटी से पानी देने की कोशिश नहीं की। कितना पानी हर साल पाकिस्तान चला जाता है। आप मेहरबानी करके पानी ग्रैविटी से दो, आप पानी जमीन से मत निकालो। पानी जमीन से निकालने के कारण खुश्की बढ़ रही है। बारिश पहले तो होती नहीं है, होती है तो तबाही के साथ होती है। इसकी वजह यह है कि हमारा सिस्टम तरीके से नहीं चल रहा है। मेरी होम-मिनिस्टर साहब से प्रार्थना रहेगी, सब्मिशन रहेगी कि आप पहले यह देखें कि जो पैसा आपका जा रहा है â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** लाल सिंह जी कंक्लूड कीजिए। वि।य पर आइये।

**चौधरी लाल सिंह :** मेरी बारी आती है तो कंक्लूड पर आती है। मैं पाइंट ही रेज कर रहा हूं। मुझे अफसोस है कि हमें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। Mr. Chairman, Sir, you are my custodian also. आप एक आदमी के कस्टोडियन नहीं हैं, हमारे भी हैं। मेरी सब्मिशन है कि जब हम बोलते हैं तो हमारा ध्यान चला जाता है पांच मिनट पर, दो मिनट पर, तीन मिनट पर। आप घंटा-घंटा बोले। आपने बोलकर अपनी तसल्ली की, आपके पूरे लोगों ने पूरी तसल्ली की। हमारी बारी आती है तो तसल्ली खत्म। जम्मू-कश्मीर का एक आदमी बोल रहा है तो उसके लिए टाइम नहीं है।

**सभापति महोदय** : आप समय खराब कर रहे हैं, विाय पर आइये।

**चौधरी लाल सिंह :** जिस स्टेट का 70 हजार नौजवान मारा गया है, उस स्टेट की बात नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे? जो स्टेट हमेशा दुःख में रहा है। हम तो 24 घंटे फ्लड में हैं। आप लोग हमें प्यार की बजाए दुत्कारेंगे तो अच्छी बात नहीं है। मेरी प्रार्थना रहेगी कि हमारी बिजली फ्लड की वजह से टूट चुकी है। कितने महीने हो गये, हमारी बिजली बंद है, टोटल कट-ऑफ है। अभी मैं पांच दिन पैदल चलकर आया हूं। लोगों के मकान नहीं रहे हैं। लोगों की जमीनें दरिया के किनारे हैं। उनके पास रोजगार नहीं है जिसके कारण छोटे-छोटे किसानों ने दरिया के किनारे धान की फसल लगाना शुरू कर दिया लेकिन पानी सारी जमीन बहाकर ले गया। जहां प्लांट थे, पौधे थे उनको पानी बहाकर ले गया।

**सभापति महोदय** : आप कारण और समस्या पर बोल रहे हैं, समाधान पर भी बोलिये।

**चौधरी लाल सिंह :** मैंने समाधान पर बोला है, आप हिसाब लगा लीजिएगा। अगर मैंने समाधान पर नहीं बोला है तो मैंने कुछ नहीं बोला है। मैंने कहा है कि करप्शन बंद करो, चोरी सबसे बड़ी बात है। आप देखिये कि पैसा असल में कितना लगता है। जो तार आती है वह कितने की आती है। एक लाख की 70 क्रेट पहले आती थी, इस साल दो लाख की 72 क्रेट आ रही है। इंडस्ट्रियलिस्ट्स किसान के सिर पर पैसा कमा रहा है।

**सभापति महोदय** : बाढ़ और सुखाड़ का समाधान बताइये?

**चौधरी लाल सिंह :** जो नाले हैं उनको प्रोटैक्ट कीजिए। मेरी रिक्वैस्ट रहेगी कि ड्रॉउट को रोकने के लिए हमारी जो वाटर-बॉडी हैं उनको मैनटेन करें ।बाढ़ की वजह से रोड्स नीचे चले गए हैं। रोड्स नीचे ही नहीं चल गए हैं, सारे डैमेज हो गए हैं। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि प्लेन में सड़क अगर एक रुपए में बनती है, तो पहाड़ों पर सौ रुपए में बनती है। बिहार को बहुत तकलीफ है। बिहार के लिए जितना पैसा बनता है, दीजिए, लेकिन जम्मू-काश्मीर का जितना बनता है, उतना तो दीजिए। समस्याओं के समाधान के लिए प्रौजेक्ट्स बनाए जायें और ऐसे लोग इन कामों को करने के लिए नियुक्त किए जायें कि उनके द्वारा किया हुआ काम जमीन पर रहे। अन्यथा धांधली होने से कुछ नहीं हो सकता है।

अंत में, आपको शुक्रिया, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

*SMT. MINATI SEN (JALPAIGURI): Hon. Chairman Sir, the people of West Bengal have a unique identity. There is a natural difference between the floods occurring in the Himalayan areas and North Bengal and the floods occurring in other parts of the country. Ravaging floods of North Bengal affect the roads, human resources, animal resources, agricultural lands, tea estates, forest areas, sanctuaries, etc. The man-made resources, resources created by the 3-tier Panchayati Raj and the State Government are devastated by floods. You must be knowing that the best plantation crop of India is tea. From the tea gardens Government of India earns crores of rupees as foreign exchange every year. Now dolomite powder mixed water is entering the tea gardens. Tea plants get ruined as a result of that. New plants cannot be grown. Fertility of the land is declining. Not only the tea gardens, but other agricultural lands are also getting damaged. Several acres of forestlands and thousands of trees are inundated. In the year 1950, 1952, 1954, to combat the menace of flood, the State Government did some efforts. Dams were constructed surrounding Jalpaiguri, Alipurduar, Coch Bihar and Tufanganj. A master plan was to be chalked out. In 1956-66 the Irrigation and Water Resources Ministry of the State Government adopted a master plan for the rivers Mahananda, Tista, Jaldhaka, Torsa and Raidak. After the flood of 1968 the Central Government set up a working committee constituting 10 members to look into the causes of recurrent flood in North Bengal. It gave its report too. In 1971, Flood Forecast Centre was set up for North Bengal. In the 80s, a new problem cropped up. The rivers emanating from the Bhutan border like Gathia, Dina, Kuchi Diana, Reti, Pagli, Mujnai, Titibangri, Jayanti, these all are small rivers. Earlier used to have no role in floods. So what is the reason for such ravaging floods in the area? Reasons are many. Rampant deforestation is taking place in Bhutan. Also roads are being constructed, habitations are being set up, dolomite is being excavated
unscientifically, soil erosion is increasing, rivers are changing their courses. During the floods that occurred in 1993, 1996, 1998 and 2000 Coch Bihar and Jalpaiguri were affected much − Bhutan was also affected. Hundreds of people died there − everything got flooded. Then rescue operations were undertaken by Indian Government.

Jalpaiguri and Coch Bihar link the North-East States with the rest of the country. So if communication is disrupted, there can be security problems.

It is not possible for the State Government to solve this problem of flood single-handedly. In fact this is not a State-level problem. This is a national problem − problem of two sovereign States. So the Central Government has to take the initiative to set up Indo-Bhutan Joint River Commission − I had said this in the Zero Hour.

To combat the problems of floods and soil erosion, more funds should be allocated − Centre should not quibble

about that. The Government should rise above party politics to do this job for the sake of people.

In this context, I would like to mention that the National Highway Authority of Government of India is constructing a 4-lane road called the East-West corridor which will pass through the flood prone area of Jalpaiguri. It will cover the forestlands, the wild life sanctuaries, the tea gardens − as a result of which there may be some problems in the future. So I would request them to rethink about the proposal and come forward with an alternative plan.

______________________________________________________________________

*Translation of the speech originally delivered in Bangla..

**श्री सीताराम सिंह (शिवहर) :** सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं कि देश के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया। बिहार देश का दूसरा राज्य हैं जिस की आबादी दूसरे नम्बर पर है। इसकी आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा बाढ़ से तबाह है और जो बचा है वह सूखे से तबाह है। अजीब विडम्बना है कि बिहार के करीब 20 जिले पूर्णतः बाढ़ से प्रभावित हैं। महोदय, आप इस बात से अवगत हैं कि आपका जिला भी इसी में शामिल है। नेपाल से सटे बेतिया, मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, खगड़िया, समस्तीपुर, गोपालगंज सहित 20 जिले पूर्ण रुप से बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से और अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि दो करोड़ से अधिक आबादी पूर्ण रुप से बाढ़ से परेशान है। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं, जिसे सुशील जी और रघुनाथ झा जी भी बता रहे थे कि इससे 65 लाख हैक्टेयर खेतों की बरबादी हुई है। बाढ़ के सवाल पर चर्चा काफी समय से हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि इस र्वा जो तबाही हुई है, वह पिछले तमाम र्वाों से अधिक हुई है। बिहार में ऐसी तबाही पहली बार नहीं हुई। पहले भी ऐसी तबाही और बरबादी होती रही है। कहना सिर्फ यह है कि वहां जो बरबादी और तबाही होती रही है, उसके बारे में भारत सरकार ने ठीक से सोचा नहीं है। जब कभी सोचने का प्रयास किया तो वह बात सिर्फ भााणों तक रह गई। इसे कार्य रूप देने का कभी प्रयास नहीं हुआ। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि भारत सरकार द्वारा जिस खर्च की बात की जाती है और एक र्वा में जो खर्च हो रहा है, वह खर्च 8 या 10 हजार करोड़ रुपए एक बार के लिए सोचा जा सकता है। बिहार को बाढ़ से पूर्ण रूप से निजात दिलाने के लिए मात्र 25 हजार करोड़ रुपए का कोई महत्व नहीं है। दो से तीन र्वा के जो खर्च होते हैं उससे भी कम पैसे में बिहार पूर्ण रुप से बच सकता है। तमाम बरबादी के लिए मैं मानता हूं कि आजादी के बाद जो भी केन्द्र में सरकार बनी, वही जवाबदेह है। राज्य को छोटा समझ कर और सिर्फ राज्य की समस्या मानना अन्याय है। सबसे पहले भारत सरकार को यह मान लेना चाहिए कि यह एक राट्रीय मुद्दा है, राट्रीय विाय है। इस पर भारत सरकार को राट्रीय विचार-विमर्श करना चाहिए। चलिए, जो सरकार र्वाों र्वा तक आती रही, बिहार की बरबादी, बगल के राज्यों की बरबादी होती रही, जिस में असम भी है या दूसरे राज्य भी हो सकते हैं, मगर हम इसके सबसे अधिक भुक्तभोगी हैं। मैं सीधा कहना चाहता हूं, कोई लंबा भााण नहीं करना चाहता और सदन का समय बरबाद नहीं करना चाहता हूं, मैं मुख्य बिन्दु पर आना चाहता हूं, मैं कहना चाहता हूं कि भारत सरकार आज की तारीख में जो सपना देख रही है, जो जनता के लिए सोच रही है, क्या उसे कार्य रूप दिया जाएगा? महोदय, क्या भारत सरकार स्वयं को बिहार की इस बाढ़ की समस्या से अपने को अवगत करा सकी है? क्या आज भारत सरकार बिहार की बाढ़ की समस्या से अवगत होने के लिए तकनीकी दृटि से तैयार है?

क्या इसके लिये योजना बनाई है? अभी श्री रघुनाथ झा कह रहे थे कि हमारे मित्र श्री जय प्रकाश यादव मंत्री हैं, कुछ परियोजनाओं के लिये दफ्तर खोल रहे हैं। मुझे मन में खुशी जरूर हुई है। अभी माननीय गृह मंत्री जी बैठे थे, शायद कहीं चले गये हैं लेकिन वे इस चर्चा का उत्तर देंगे ।

पहली बात तो यह है कि क्या भारत सरकार समय सीमा के अंदर तकनीकी दृटि से स्वयं को सम्पुट करेगी कि वह नेपाल सरकार से बातचीत कर सके? भारत सरकार को इसके लिये पहले इच्छा शक्ति को जगाना पडेगा। हमारी बरबादी नेपाल देश की तरफ से होती है, इसलिये मैं नेपाल पर ज्यादा जोर दे रहा हूं। भारत की करोड़ों जनता और लाखों किसान इससे बरबाद हो रहे हैं। क्या भारत सरकार एक समय सीमा के अंदर कोई य़ोजना बनायेगी?

दूसरी बात यह है कि बिहार की जनता और विशोकर वहां का किसान बरबाद हुआ है। आज सुबह कृि मंत्री जी बोल रहे थे लेकिन हमें अपनी बात कहने का मौका नहीं मिला। संसदीय कार्य मंत्री बैठे हुये हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि बिहार के किसान के सामने भंयकर समस्या है। किसान ने अपनी फसल लगाने के लिये ऋण लिया था। न्याय तो यही कहता है कि उनका ऋण माफ किया जाये, सूद माफ करके क्या करेंगे? मूल का क्या होगा, वह कहां से जमा करेगा? उसके पास फसल नहीं जो वह ऋण की अदायगी कर सके। उसकी फसल को बाढ़ खा गई, वह कहां से अदा करेगा? इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि उसका ऋण माफ किया जाये। इसकी चर्चा मेरे पूर्व वक्ताओं ने भी की है। जिन गरीबों के घर गिर गये हैं, उसके लिये भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि 7-8 लाख गरीबों के घर ध्वस्त हो गये हैं। उनके घरों का निर्माण इन्दिरा आवास योजना के पैसे से न करके एक परिवार को एक मकान की घोाणा मंत्री जी के उत्तर में होनी चाहिये। बिहार सरकार यह सब करने में सक्षम नहीं है। अगर बिहार सरकार ने राहत के लिये 8 हजार करोड़ रुपये की मांग की है, मैं समझता हूं कि वह भी कम है। अभी माननीय प्रधान मंत्री जी ने बिहार के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था। आप भी जानते हैं और आप वहां के रहने वाले हैं। भारत सरकार ने इस के लिये 115 करोड़ रुपया दिया है। आपको बिहार की बरबादी का अंदाजा है लोकिन केन्द्र सरकार को नही है। बिहार र्वाों से उपेक्षित रहा है जिसकी भारत सरकार को चिन्ता नहीं रही है। जब बिहार सरकार ने अपनी बात रखी तो अन्य राज्यों का भी कम्पीटीशन हो गया लेकिन बिहार को कुछ मिला नहीं है।

सभापति जी, मैं आग्रह करना चाहता हूं कि राहत राशि सभी राज्यों को मिलनी चाहिये मगर बिहार का हिस्सा अभी तक नहीं मिला है। बिहार को उसका हिस्सा मिलना चाहिये। बिहार सरकार की मांग के अनुसार उसे पैसा मिलना चाहिये। मैं दोहराना नहीं चाहता लेकिन यह जरूर कहूंगा कि बाढ़ को रोकने के स्थायी समाधान के लिये - पानी, बिजली और हमारा राज्य - तीनों का निदान हो सकता है।

इसकी उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि जब इस बार भारत सरकार जवाब देगी तो इस पर विश्वासपूर्वक जवाब देगी और कुछ काम करने की दिशा में ठोस कदम उठायेगी।

SHRI NARAYAN CHANDRA BORKATAKY (MANGALDOI): Sir, while sharing the agonies of the people affected by floods in other parts of the country, I shall confine myself to the flood situation of Assam.

Floods occur in Assam every year but the floods this year have been massive. More than half of the population has suffered from floods. Around 200 persons have died. Even a large number of cattle have vanished. The flood

situation in Assam is really dismal at this point of time. Even the national parks like Kaziranga, Orang and Manas are all under flood water. Anyone can imagine the plight of the wild life in these national parks.

Sir, the major reason for the flood in Assam is release of massive water by the Government of Bhutan. As in the past years, the Government of Bhutan has released huge amount of water from the Kuritso Dam Project. This sudden release of water inundated the entire lower Assam districts and created massive havoc. There are even reports that the Kuritso Dam has broken because of which there was massive outflow of water.

Sir, due to massive deforestation and cutting of trees in the Bhutan and Arunachal Pradesh areas, there have been flash floods resulting in soil erosion, which has resulted in the destruction of standing crops and houses in the valley areas of Assam. Heavy rains in the upper Arunachal areas and having no system to control the excess water in the catchment areas has resulted in the floods of Assam. Non-repairing of embankments and dykes by the Government of Assam in time has resulted in many of these being breached at several places.

Heavy silting of the river beds over the years and the total absence of dredging in the main rivers has resulted in the river bed getting higher. This has resulted in reduction of the water retaining capacity of the rivers. The silting has also occurred due to absence of any river activity such as plying of vessels and ships.

Again, the non-completion of the main multipurpose dam projects in Assam, such as, the Pagladiya Dam Project, the Barak Dam Project, the Gerukamukh Dam Project has been another reason for early massive flood in Assam. The State Government in Assam has, over the years, totally failed to plan ahead of the floods. The entire administration is treating the manner casually and is showing a callous attitude.

MR. CHAIRMAN : You can lay your written speech. You make your suggestions now. You only mention about the main points.

SHRI NARAYAN CHANDRA BORKATAKY : My suggestion is that floods in Assam should be declared as a national problem so that the matter can be directly tackled by the Central Government at the national level. The Government should take up the inter-linking of river projects so that the excess water during high flood season can be effectively drained out. Effective soil protection measures should be taken up so that many habitat and agricultural areas which are now on the verge of being lost in the river can be protected. Steps should be taken to protect the landslides on the main Shillong − Silchar National Highway section. Effective steps should be taken to keep the vital communication links alive during the flood season and steps should also be taken for resuming the waterway communication links between Dibrugarh and Kolkata *via* Bangladesh so that if the rail or road communication is broken during the flood season, this vital communication link would remain. The Government should think about certain flood and soil erosion protection schemes that could be directly implemented by the Central Government. The Central Government should take up the issue of the release of sudden water with the Government of Bhutan. Misuse and diversion of funds should be stopped and the Brahmaputra Board should be made effective.

SHRI BIR SINGH MAHATO (PURULIA): Sir, in every Monsoon Session of Parliament, we discuss the flood and drought situation of the country. People face a lot of trouble in such situations. Flood affects immediately and drought effect continues for a long time. Members, in every Session, give suggestions but the response of the Government is very minimum.

I would concentrate myself on the situation prevailing in West Bengal. The northern part of West Bengal was affected by flood but now drought-like situation is prevailing there. The western part of West Bengal is also suffering from drought and only 20 per cent of kharif crops have been sown. Therefore, relief measures should be taken up immediately. I endorse the views of Mr. Panda. As suggested by Mr. Panda when he initiated the discussion, the interest on loans to agriculturists should be waived, short-term loans should be converted into long-term loans, Food −for-Work Programme should be started and assistance for alternative farming should be given immediately.

SHRI ARUNA KUMAR VUNDAVALLI (RAJAHMUNDRY): Sir, ultimately, whether it is flood or drought, it is only because of mismanagement of water. I live in Rajahmundry on the banks of the river Godavari where, in front of my own eyes, 2000 TMC of water go into the sea every year. We have been seeing that for 0.60 TMC of water, Tamil Nadu and Karnataka were fighting, Supreme Court cases were there, the Chief Ministers were coming to the roads, fasting and all that. Here, in front of my eyes, I see that every year, 2000 टीएमसी पानी समुद्र में जा रहा है। इसके लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने कहा कि पांच साल में जितने भी इर्रीगेशन प्रोजैक्ट्स हैं, उनको कंप्लीट कर देंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए एक एक्शन प्लान बनाया है। उसके लिए हम केन्द्र सरकार से दर्खास्त करेंगे कि वे सैटेलाइट टैक्नोलॉजी का प्रयोग करें तो और भी अच्छी चैनलिंग बन सकती है। कहां गहरा है, कहां ऊंचा है, वह सैटेलाइट

टैक्नोलॉजी से आसानी से पता लगा सकते हैं। We can understand that easily. The Central Government should give top priority to all the irrigation projects in the country and all the clearances like environment or water supply or whatever it is, should be through a single window. They should also invite investments, like the Voluntary Disclosure Scheme, by way of a scheme called the Irrigation and Power Investment Scheme where unaccounted money with some sort of protection should be invited. It is estimated that more than a lakh crore of rupees is there as blackmoney. Some of that money can also go into this scheme. Ultimately, if we can use 20 per cent of the water that is going into the sea, the drought situation can be managed. Like our Chief Minister Mr. Y.S. Rajashekhar Reddy has given top priority for irrigation schemes in Andhra Pradesh, I wish every State takes up irrigation as top priority and invites investments like we are inviting investments for industries. We should treat irrigation as the topmost priority so that we can control drought as well as flood.

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** माननीय सभापति महोदय, हम आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि आपने हमें देश में बाढ़ और सुखाड़ जैसे महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। आज सदन में बाढ़ और सुखाड़ पर विशो चर्चा हो रही है। मैं बिहार से आता हूं और बिहार ही एक ऐसा प्रदेश है जहां प्रति र्वा बाढ़ और सुखाड़ दोनों ही आते हैं और इन दोनों कटों से वहां की जनता को जूझना पड़ता है।

महोदय, अभी जैसी कई माननीय सदस्यों ने चर्चा की और आपने स्वयं भी कहा कि 20 जिले बिहार में ऐसे हैं जहां बाढ़ से पूरी तरह तबाही हुई है और 16 जिले ऐसे हैं जहां सूखे के कारण तबाही हुई है। इस बार तो बिहार में बाढ़ और सूखा, दोनों भयंकर रूप से आए हैं। बिहार वासियों को प्रति र्वा बाढ़ और सूखे दोनों दुखों का सामना करना पड़ता है। हम चाहते हैं कि बिहार के बाढ़ और सूखे का कोई परमानेंट साल्यूशन होना चाहिए। जब तक इनका कोई परमानेंट साल्यूशन नहीं निकलेगा तब तक बिहार की 8 करोड़ से भी अधिक आबादी बाढ़ और सूखे से त्रस्त होती रहेगी, करोड़ों रुपए की क्षति होती रहेगी और व्यक्तियों तथा पशुओं की जान जाती रहेगी। इसके लिए ठोस प्रबन्ध करना चाहिए।

महोदय, जिस प्रकार की भयंकर आपदा बिहार में आती है और बाढ़ तथा सुखाड़ का जिस प्रकार से वहां की जनता को कट भोगना पड़ता है, इन कटों से प्रदेश की जनता तब तक नहीं उबर सकती जब तक कि केन्द्र सरकार इनके स्थायी समाधान के लिए प्रयास नहीं करती। आपने तथा कई अन्य माननीय सदस्यों ने सदन में अपनी भावनाएं प्रकट कीं। मैं मध्य और दक्षिणी बिहार के संबंध में कहना चाहता हूं कि मध्य और दक्षिणी बिहार के 16 जिले सूखे की चपेट में आ गए हैं। जिस प्रकार से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पानी बरसना बन्द हो गया है और वहां पानी का स्तर कम हो रहा है, यदि पानी नहीं बरसा, तो लगता है कि कहीं आगे चल कर वे क्षेत्र सुखाड़ की चपेट में न आ जाएं। यदि ऐसा होगा, तो उन क्षेत्रों के लोगों को जहां अब बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है वहां यदि पानी नहीं बरसा, तो उन्हें सुखाड़ का सामना भी करना पड़ सकता है। पता नहीं बिहार की जनता ही ईश्वर के कोप का भाजन क्यों बनती है।

महोदय, मैं बिहार के खास तौर से मध्य और दक्षिणी क्षेत्र के सूखे से प्रभावित इलाकों बारे में ही कहना चाहूंगा। पटना, गया, जहानाबाद, अरबल, नालंदा, कैमूर, भोजपुर, जमूही, रोहतास, भागलपुर, सकूरा, लक्खीसराय और खगड़ियां आदि ऐसे जिले हैं जो सूखे से प्रभावित हैं। एक अनुमान के अनुसार सात जिले मुख्य रूप से ऐसे हैं जिनमें आमतौर पर जो बारिश होती है वह कम होती है। उनमें पटना, नबादा, गया, नालंदा, कैमूर, भोजपुर, सहरसा और अरबल जिले आते हैं। इन क्षेत्रों में आमतौर पर बारिश कम हुआ करती है। इस बार तो विशो परिस्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इन इलाकों पर जब तक केन्द्र सरकार की विशो कृपा नहीं होगी, तब तक इनका कल्याण नहीं होने वाला है।

**सभापति महोदय :** हम से नहीं, सरकार से निवेदन करिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं, आपने संशोधन किया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। माननीय प्र धानमंत्री जी वहां गए थे, उन्होंने बड़ी कृपा की। वहां माननीय मुख्य मंत्री जी ने बिहार में सुखाड़ की जो स्थिति उत्पन्न हुई है, उससे निपटने के लिए और बाढ़ की स्थिति से निबटने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री जी के समक्ष रखी थी। मुझे भी उस डेलीगेशन में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था और लगभग 8000 करोड़ रुपए की राहत मांग प्रधानमंत्री जी से की गई थी। उन्होंने कहा था कि हम वहां जाकर एक टीम भेजेंगे। उन्होंने टीम जरूर भेजी लेकिन जहां बाढ़ आई थी वहां के लिए भेजी, सुखाड़ के लिए वहां कोई टीम नहीं भेजी गई। सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए 17 जिलों में जो जनता परेशानी की हालत में है, उनके लिए कोई टीम नहीं भेजी।

महोदय, मैं निवेदन करूंगा कि अगर टीम के आधार पर सरकार कोई निर्णय लेना चाहेगी तो यथाशीघ्र माननीय प्रधानमंत्री जी आप निश्चित तौर पर टीम भेजें ताकि सुखाड़ की स्थिति की सही जानकारी आप तक पहुंच सके और सुखाड़ से ग्रसित लोगों को मदद मिल सके। मैं कुछ तत्कालीन सुझाव देना चाहूंगा । इसमें दो तरह के उपाय निकाले जा सकते हैं - एक तो तत्कालीक उपाय करके दिया जाएं और दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। जब तक इन दोनों तरफ काम नहीं किए जाएंगे, कार्यवाही नहीं की जाएगी तब तक उसमें शायद बाढ़ और सुखाड़ से नहीं निपटा जा सकता। सुखाड़ की तरफ लोगों का ध्यान कम है। ऐसा लगता है कि सुखाड़ शायद कहीं नहीं है, इसलिए मैं ही सुखाड़ के लिए बोल रहा हूं। मैं कुछ सुझाव देना चाहूंगा, इसमें तत्कालीन और दीर्घकालीन आ जाएंगे। सबसे पहले यह है कि जितनी नहरें हैं, उनकी मरम्मत जरूरी है। एक सोन नहर है, इसकी लाइफ 115 साल की है। इसकी मरम्मत बड़े पैमाने पर नहीं हुई है, जब तक इसका आधुनिकीकरण नहीं होगा तब तक इससे हम ठीक से पानी व्यवस्थित नहीं कर सकते हैं। इस नहर की मरम्मत और सफाई की आवश्यकता है। इनकी मरम्मत और सफाई कराएं। आप नहर पर राशि उपलब्ध कराएं। दूसरी बात यह है कि वहां सुखाड़ से जो स्थिति उत्पन्न हुई है, वहां पीने के पानी की व्यवस्था और अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करानी चाहिए ताकि जो ट्यूबवेल बंद पड़े हुए हैं वे चालू हो जाएं और लोगों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। नये ट्यूबवेल्स की व्यवस्था करनी चाहिए, वहां पुराने ट्यूबवेल्स हैं, वे खराब हो गए हैं, इसलिए नये ट्यूबवेल्स लगाने चाहिए। ड्रिप इरीगेशन की व्यवस्था करानी चाहिए, जो शायद नहीं हो पा रही है। नलकूपों की मरम्मत करानी चाहिए।â€¦ (व्यवधान)सुखाड़ से निपटने के लिए वहां लोगों को जब तक रोजगार नहीं दिया जाएगा तब तक कैसे बेचारा गरीब आदमी अपना गुजारा करेगा। आधे से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर कर रही है। वहां फूड फोर वर्क की आवश्यकता होनी चहिए।â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** हाउस का टाइम सात बजे तक बढ़ाया था, अगर हाउस की अनुमति हो तो जब तक डिसकशन पूरा नहीं होता तब तक के लिए सदन का समय बढ़ा दिया जाता है।

**कुछ माननीय सदस्य** : ठीक है।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, बिहार सुखाड़ और बाढ़ का इलाका है, इसलिए वहां विशो ध्यान देना चाहिए। वहां के लिए अभी बहुत कम राशि आबंटित की गई है, इस राशि से काम चलने वाला नहीं है।â€¦ (व्यवधान)वहां लोग बाढ़ और सुखाड़ से ग्रसित हो रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)प्रधानमंत्री जी बिहार वासियों पर विशो कृपा करें और उनके कल्याण करने का काम करें और अपने स्तर से पैसा दें।â€¦ (व्यवधान)यहां ग्रामीण विकास मंत्री जी बैठे हैं, उनसे भी संबंधित कई मामले हैं।â€¦ (व्यवधान)

**19.00 hrs.**

आप लोग विशो कृपा करें, बिहार के लोग आपकी तरफ देख रहे हैं, माननीय प्रधानमंत्री जी की तरफ देख रहे हैं, ताकि बिहारवासियों को राहत मिल सके।

**श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) :** सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवादी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** एक माननीय सदस्य के बोलने के बाद आपका नम्बर आयेगा, बैठिये। जब हाउस का सेंस लिया जा रहा था, आप उस समय इस सदन में अपना पाइंट नहीं रख पाये। अब आप बाद में खड़े हो रहे हैं, जब सदन ने अनुमति दे दी कि सदन का समय एक्सटेंड किया जाये। अगर माननीय सदस्यगण कम समय लेंगे तो आधे घंटे में काम हो जायेगा।â€¦ (व्यवधान)

**श्री अविनाश राय खन्ना :** यह किसी विशो प्रदेश या किसी विशो समुदाय की समस्या नहीं है, पूरे देश की समस्या है। सूखे और बाढ़ का जो इश्यू है, कई प्रदेश तो सिर्फ बाढ़ से प्रभावित थे और कई सूखे से, लेकिन एक-दो प्रदेश ऐसे थे, जहां बाढ़ ने भी प्रभाव छोड़ा और सूखे से भी। पंजाब ऐसा ही एक प्रदेश है, जहां सूखे से भी अपना प्रभाव छोड़ा है और बाढ़ ने भी। मैं आपके द्वारा सरकार को यह बताना चाहूंगा कि पंजाब में एक बारिश हुई तो लोगों ने समझा कि मानसून आ गया है। उन्होंने अपनी राइस की फसल बो दी, लेकिन उसके बाद बारिश न होने के कारण किसान के जो T/well थे, वे और डीप करने पड़े और पैसा खर्च करना पड़ा, लेकिन ि वडम्बना देखिये कि न तो परमात्मा खुश था और न ही सरकार। एक बार किसान परमात्मा की तरफ देखता था और एक बार सरकार की तरफ। न किसान को बिजली मिलती थी, न पानी और उस समय किसान को अपने खेतों में होना चाहिए था, लेकिन उस समय वह किसान सड़क के ऊपर मुजाहिरे कर रहा था, क्या कह रहा था कि मुझे बिजली दो, ताकि जो फसल मैंने बोई है, उसे मैं पानी दे सकूं, क्योंकि बिजली कट ने पंजाब के किसान का इतना बुरा हाल किया कि किसान ट्रैफिक जाम करके सरकार से बिजली मांग रहा था। किसान को इतना गुस्सा आया कि कई लोगों ने अपनी बोई हुई फसल दोबारा ट्रैक्टर चलाकर उसकी बहाई कर दी। दूसरी तरफ, मैं आपको माध्यम से कहना चाहता हूं, क्योंकि यहां बात आई है कि पंजाब एक बहुत ही सम्पन्न प्रदेश है और उसका कर्ज माफ किया तो हमारा भी होना चाहिए। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को और सदन को बता देना चाहता हूं कि पंजाब का किसान कभी अमीर था, अन्नदाता था, लेकिन कुछ सरकार की पोलिसीज और कुछ कुदरत का खेल ऐसा हुआ कि जब किसान की फसल खड़ी होती थी तो छाती चोड़ी करके अपने खेतों में घूमने जाया करता था और आढ़ती उसके पास आते थे कि इस बार फसल हमारे पास देना, दुकानदार उसके पास आते थे कि सामान हमसे खरीदना। वह किसान अन्नदाता था, लेकिन इस चक्कर ने उस किसान को आज इतना प्रभावित किया है कि आज जब उसकी फसल खड़ी होती है तो किसान खेतों में जाने के बजाय लुकता-छिपता है। कारण क्या है कि वह डरता है, वह इतना कर्ज में डूब चुका है कि कहीं आढ़ती उससे पैसा लेने न आ जाये। वह डरता है कि कहीं बैंक कर्मचारी मुझसे पैसा लेने न आ जाये। यही कारण था कि किसान का बेटा आज खेत में काम करने के बजाय खेत को बेचकर फ़ॉरेन जाने के लिए अब तैयार है और आप देख रहे हैं, लोक सभा में क्वश्चंस भी आये हैं, कितने ही पंजाब के नौजवान पाकिस्तान की जेलों में हैं। जो इराक में तीन लोग पकड़े गये हैं, उनमें से दो पंजाब के हैं। इतना असर खेती के लाभप्रद न होने का किसान के ऊपर पड़ा है।

दूसरी बात मैं बाढ़ के बारे में कहना चाहता हूं। बाढ़ के बारे में जो फैसले लिए जाते हैं कि बाढ़ को कैसे रोका जाये। मेरे ख्याल है, और स्टेट्स में भी ऐसा होगा कि जो डिप्टी कमिश्नर होता है, वह डिस्ट्रिक्ट का फ्लड कंट्रोलर होता है। एक मीटिंग हुई और सभी डी.सी. ने सरकार के सामने एक प्रस्ताव रखा कि उनको 37.16 करोड़ रुपया चाहिए, ताकि हम बाढ़ का इन्तजाम कर सकें। लेकिन सरकार ने कहा कि नहीं, आप एक बार और सोचिये, इसे रिड्यूस कीजिए। फिर सेकिण्ड प्रपोजल 28.34 करोड़ रुपये का आया। फिर डिप्टी कमिश्नर्स को बुलाया गया कि नहीं, यह बहुत पैसा है, आप इसे और रिड्यूस कीजिए। अन्त में सभी डी.सी. ने एक प्रपोजल दिया, जो 13.70 करोड़ रुपये का था।

आप समझ सकते हैं कि एक तिहाई पैसा बाढ़ कंट्रोल के लिए रखा गया। हमारे पास जो जानकारी है, उसके हिसाब से वह पैसा भी सरकार ने रिलीज नहीं किया इसलिए वे प्रबंध नहीं हो पाये।

र्वा 1994 में भी बाढ़ आई थी। अभी एसवाईएल का जिक्र किया गया है। एसवाईएल किसानों को पानी देने के लिए नहीं है, एसवाईएल बाढ़ लाने के लिए है। र्वा 1994 में एसवाईएल ने पटियाला का बहुत बुरा हाल किया। इस संबंध में एक कमेटी बनी थी और उसने रिपोर्ट सबमिट की कि एसवाईएल की डिजाइनिंग में डिफैक्ट है। वह रिपोर्ट भी अलमारी का एक हिस्सा बनकर रह गयी है। â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** कृपया आप कन्कलूड कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री अविनाश राय खन्ना :** मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब में 1800 किलोमीटर लम्बी ड्रेन्स हैं, कच्चे बांध हैं। बाढ़ न आये, इसका प्रबंध करने के लिए काफी पैसे की जरूरत है। बाढ़ ने पंजाब में जो असर किया है, उसके संबंध में मैं एक-दो उदाहरण देना चाहता हूं। राजपुरा में जितनी फैक्ट्रीज थीं, डेरा वस्सी, पटियाला, सुनाम आदि में जितनी फैक्ट्रीज थीं, वे सब तबाह हो गयीं। हुसैनीवाल स्थान जहां शहीदों का मेमोरियल बना हुआ है, वहां ब्यूटीफिकेशन का काम चल रहा था लेकिन बाढ़ ने भी वहां अपना असर दिखाया है। जो अबहोर का इलाका है, उसमें 200 एकड़ जमीन, इंटरनैशनल बॉर्डर के साथ, सतलुज नदी के साथ जो गांव हैं, वहां 500 एकड़ जमीन, डेरा वस्सी में 1755 एकड़ जमीन बाढ़ के कारण डेमेज हो चुकी है। चीन से पानी आने की दहशत बनी हुई है। यह डर है कि पंजाब में फिर बाढ़ आ सकती है।

मैं आपके द्वारा दो सुझाव देना चाहूंगा। एक सुझाव यह है कि जो डिसकशन हुआ है, उसमें सरकार का काफी पैसा और समय लगा है। मैं चाहूंगा कि इस डिसकशन का जो कन्कलूजन है, वह कम से कम परमानेंट सॉल्यूशन निकले। इसके साथ-साथ बाढ़ और सूखे से पंजाब को जो इफैक्ट पड़ा है, उसके लिए पंजाब को स्पेशल पैकेज दिया जाये। बाढ़ को रोकने के लिए जो डिसीजन है, अरेन्जमैंट्स हैं, वे समय से किये जायें। मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

SHRI M.P. VEERENDRA KUMAR (CALICUT): Mr. Chairman Sir, I will not take much time. I will make some points and I will draw the attention of the Government towards the flood and drought situation in Kerala. The drought and flood situation has always been serious in Kerala but it is very unfortunate that it is not reflected in any of the reports given by those people who come and visit our State.

Today, in the Question Hour, the hon. Minister said that the issues are different in various States, 'what is true in Rajasthan is not true in Kerala'. Somebody coming from Rajasthan sees everything green, lot of water and lot of greenery in Kerala and they conclude that there is no problem there. It is not true. Just to convince those people who come and inspect our State, we cannot make our State look like a desert, cutting all trees and greenery and make it look like a barren land so that justice is done to us.

What happens is that in any other State the relief given could be used for that year and succour could be given. In Kerala, except in a few districts, in almost all the districts crops are of perennial nature. In my district, Waynad, where I come from, the maximum number of suicides have taken place. Everyday, almost a suicide is taking place.

What happened in the last drought? Coffee, pepper, arecanut and all such crops were destroyed. Now, to revive them, it will take about five to eight years. They have to be replanted. In between, another drought can come and again there may be a drought like situation. It is not the case where the perennial crops are not there. Whatever money is given could be utilised for that year and next year that is disbursed. In Kerala, that is not the case. That is one point.

I do not think whether the Kerala Government have put their case properly. They have their own problems. I do not want comment on that. We wanted Rs.3,847 crore.

What we got was Rs.78.04 crore. Even there, people feel that too much money has been given to our State. But, it is not true. In Kerela there is a peculiar situation where the whole parameter of assessing the drought or flood, is totally different. Topography is different. Landscape is different. As far as Kerala is concerned, everything is different.

Sir, there is another problem. In those areas, especially in the two districts a lot of people are committing suicides. Why are they doing so? It is because they cannot repay the debts that they have borrowed, and are landing in more debts. Prices are sliding down and also hit by drought. It has also has caused all these problems. Here the nature is also against us. Now, in the name of OTS, i.e. by One Time Settlement, what you are doing is that you are making them to pay interest on interest also and making it the principal amount.

I am coming to one more problem and then I will conclude. I come to drought situation. A very comical thing is happening in one of the districts in respect of ground water. It has been pointed out here and, I am sure, Mr. Chairman, the next war is going to be on water. We know what is happening in Punjab and elsewhere in India. Water is the problem. Ground water depletion is a very great issue. What happened during the last drought? Take, for example, the Palghat district. It is very badly hit by drought. Two multi-national companies, namely, Coca Cola and Pepsi Cola are draining the ground water to the tune of a million litre or more a day. Water is supplied in trucks to the people of that area. There, not a single penny is paid to the Government. To replenish the ground water, which is depleted, it takes thousands of years. In Chittoor in Palghat, in Pudusseri and Plachimada Coca Cola and Pepsi Cola factories are there. There they drain water and sell Aquafina and Kinley in Palghat. The people in Palghat are drought-stricken. Priority is not given to agriculture. Priority is given to those people who take ground water, exploit ground water and sell it to the people like Aquafina and Kinley do in Palghat. There was a World Water Conference right in Plachimada which is known for declaration of water as a right not as scarce commodity. So, in drought-stricken areas, the water management is essential. Of course we know that Water is a State Subject. In the National Water Policy also it is said that priority should be given to agriculture. Mr. Chairman Sir, it is not given to agriculture. It is given to multi-nationals. So, water management also is a big problem.

Today, we are happy that the hon. Minister has told us, he would be sending a Special Team to assess different parameters and to judge what is happening in Kerala. He will also be calling a meeting of all the MPs from Kerala to discuss the drought issue *vis-à-vis* from the point of view of what is happening in Kerala. We are happy about it. But, Sir, the Government of India must consider Kerala as a part of India. How much is our contribution to India by way of foreign exchange? Our contribution to the foreign exchange is by way of cash crops or people sending money from outside. We are getting a very bad deal and we have started feeling that the problem of Kerala is not considered as a national problem. Sometimes we feel that we are not even considered as a part of India. It should be corrected. Measures should be taken to see that people of Kerala do not suffer because of the neglect of the Central Government and also because of the inefficiency of the State Government.

**श्री रामदास बंडु आठवले (पंढरपुर) :** सभापति महोदय, बाढ़ और सूखे के बारे में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है। जब सैशन होता है तब हमेशा बाढ़ और सूखे की चर्चा होती है। हम सब लोगों को भी आदत हो गई है कि इस विाय पर बोलना ही है।â€¦ (व्यवधान)इसका सामना करने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकारों को गंभीरता से सोचना चाहिए क्योंकि बिहार, असम आदि राज्यों में हर साल बाढ़ आती है।

लेकिन महाराट्र में बाढ़ नहीं आती है मगर वहां सूखा हमेशा होता है। मेरा सुझाव यह है कि इसके लिए कोई परमानेंट उपाय किये जाने चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदियों को जोड़ने के लिए प्रोग्राम किया था और सवा लाख करोड़ रुपये एनाउंस कर दिये थे। लेकिन अभी अटल जी सत्ता में नहीं हैं लेकिन हमें पूरा खर्च

करना जरूरी है। अब अपनी सरकार आई है, नदियों को जोड़ने के बारे में भी उसकी एक प्लानिंग बनाने की आवश्यकता है। बिहार और असम में जहां-जहां ज्यादा बारिश है, उस पानी को रोककर जहां कम पानी है, जहां लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, उस पानी को वहां हम किस तरह से ले जा सकते हैं, उसकी एक प्लानिंग बनाने की आवश्कता है। हमारे मुम्बई और कोंकण किनारपट्टी पर इतना पानी होता है और महाराट्र में, मराठवाड़ा में पीने के पानी की कठिन परिस्थिति है। इसलिए मेरा सुझाव यह है कि मुम्बई और कोंकण किनारपट्टी में जो बारिश गिरती है, उस पानी को रोककर पश्चिम महाराट्र में, मराठवाड़ा में उस पानी को लाने के लिए 5000 करोड़ रुपये की योजना बनाने की आवश्यकता है। बाढ़ और सूखे का सामना करने के लिए 5000 करोड़ रुपये की योजना बनाने की आवश्यकता है। महाराट्र में जो सूखा था, ग्यारह जिले उसकी चपेट में थे और जब अटल जी से हम लोग मिले थे तो हमने उनसे 1700 करोड़ रुपये की मांग की थी। अपनी सरकार आने के बाद 500 करोड़ रुपये हमें मिल गये। बाकी 1200 करोड़ रुपये जल्दी से जल्दी हमें मिलने चाहिए। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि महाराट्र में सूखे का सामना करने के लिए और वहां के खेत मजदूरों की मदद करने के लिए और 1200 करोड़ रुपये की हमें आवश्यकता है। वह पैसा हमें जल्दी से जल्दी मिलना चाहिए।

पंढरपुर निर्वाचन क्षेत्र में टैम्बू का प्रोजेक्ट है। उसके लिए तीन सौ करोड़ रुपये की हमें आवश्यकता है। रूरल डैवलपमेंट के लिए हमारे मंत्री श्री रघुवंश बाबू यहां बैठे हैं। जब वे मंत्री नहीं थे तब मेरे साथ यहां से कहने के लिए अच्छे थे, वह अब मंत्री बन गये हैं। लेकिन रुरल डैवलपमेंट के लिए वह बहुत अच्छे अनुभव वाले मंत्री हैं। इसलिए ग्रामीण विकास के लिए आपके द्वारा ज्यादा से ज्यादा मदद मिलने की आवश्यकता है। कृपया यह काम आप करें। जो किसानों का लोन है, उसको माफ करने के बारे में भी सरकार को विचार करने की आवश्यकता है। बिजली फ्री देनी चाहिए और अपने देश में सिंचाई ज्यादा से ज्यादा कैसे बढ़ा सकते हैं, उस पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

कृणा नदी महाराट्र में है। उसके पानी को रोकने के लिए जो पैसा हमें चाहिए, भारत सरकार की तरफ से वह पैसा हमें मिलना चाहिए और महाराट्र में जो सूखा है, उसे खत्म करने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि हमें ज्यादा पैसा मिलना चाहिए। अगर ज्यादा पैसा हमें नहीं मिलेगा तो बात अच्छी नहीं होगी क्योंकि हम सब आपके साथ हैं। उधर के लोगों को थोड़ा कम दे दीजिए। बिहार को जो पैकेज दे दिया गया है,â€¦ (व्यवधान)बिहार को भी पैसा मिलना चाहिए लेकिन उसके साथ-साथ महाराट्र को भी पैसा मिलना चाहिए। बिहार के बाद महाराट्र को भी पैसा मिलना चाहिए। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी (कोकराझार)** : सभापति महोदय, सारे हिन्दुस्तान में बाढ़ और सूखे की स्थिति पर चर्चा करने के लिए आपने जो मुझे मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। साथ ही मैं प्रबोध पांडा जी और सुमन जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस अत्यन्त महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दे की ओर सदन का ध्यान आकर्तित किया ।मैं असम के नव-गठित बोडोलैंड स्वशासित टेरिटोरियल जिले के अधीन No. 5 Kokrajhar (S.T.) संसदीय क्षेत्र से चुना हुआ सांसद हूं। आप सभी को मालूम होगा कि असम आज बाढ़ की गम्भीर परिस्थिति से गुजर रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कम से कम 300 रेवेन्यू विलेज बाढ़ में डूबे हुए हैं। हिन्दुस्तान की सरकार की तरफ से बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों को राहत देने के लिए आज तक जितनी आर्थिक मदद और खाद्य - सामग्री दी गई थी उसका इस्तेमाल अच्छे ढंग से नहीं हुआ। इसलिए बाढ़ से प्रभावित लोगों को रिलीफ देने के समय किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए, बोडोलैंड के लोगों को भी बराबर न्याय देना चाहिए। बाढ़ का मुद्दा सिर्फ असम या बोडोलैंड का नहीं है, यह एक राट्रीय समस्या है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बाढ़ की समस्या को राट्रीय समस्या के रूप में, राट्रीय मुद्दे के रूप में अतिशीघ्र स्वीकृति देनी चाहिए और इसकी घोाणा जल्दी से करनी चाहिए। साथ ही भारत के संविधान में संघीय सूची में इस विाय को एनलिस्ट करना चाहिए। इसके अलावा इस मुद्दे को हल करने के लिए केन्द्रीय सरकार में अलग से एक मंत्रालय स्थापित करना चाहिए।

मेरा दूसरा सुझाव है कि असम में बोडोलैंड एरिया में बाढ़ की परिस्थिति इस कारण पैदा होती है कि असम में जितनी नदियां हैं, उनमें ज्यादातर संख्या में नदियां चीन और भूटान से निकल कर अरूणाचल प्रदेश तथा असम के बोडोलैंड अंचल के बीच बहकर ब्रह्मपुत्र में लग जाती है ; और बरसात के समय में इसके कारण ही बाढ़ आ जाती है। Over the last more than five decades since Independence, the management of flood and erosion-related problems has not been done in a very systematic way. Because of the failure on the part of the Government of Assam as well as of the Government of India in tackling the flood and erosion situation, every year the people of Assam have been facing very dangerous and dreadful flood situation. This year the people of Bodoland Terroritry have been worst victims of the un-checked flood in Assam.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY : So, my humble submission to the Government of India would be that it should start a bilateral dialogue with the Government of China and the Government of Bhutan to find out suitable ways and means to bring about a lasting solution to the flood problem of Assam. मेरा सुझाव है कि जितनी नदियां चीन और भूटान से निकल कर हमारे बोडोलैंड अंचल होकर ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है, उनका सर्वे कराकर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट्स और चैक डैम के प्रोजेक्ट्स अलग-अलग नदियों पर बनने चाहिए। केन्द्रीय सरकार से मेरी प्रार्थना है कि बोडोलैंड के लिए कम से कम केन्द्रीय सरकार को 1000 करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करानी चाहिए।

मैं एक अन्य गम्भीर बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। 20 जुलाई को प्रधान मंत्री जी ने असम के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया था। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि प्रधान मंत्री जी बोडोलैंड अंचल में नहीं गए और न ही सोनिया गांधी जी वहां गई। 27 जुलाई को केन्द्र सरकार की तरफ से जो केन्द्रीय टीम असम भेजी गई थी, उसको भी बोडोलैंड अंचल में जाने का मौका नहीं दिया गया। So far as my observation is concerned, the Central team was misled by the Barpeta District administration, which is very unfortunate and which has been a matter of serious concern. इसके अलावा यहां से जो रिलीफ दी गई, कुछ लोगों ने उसका कुछ हिस्सा भी खा लिया, यह बहुत शर्मिंदगी की बात है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि बोडोलैंड अंचल में जहां-जहां लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, उस एरिया में प्रभावित लोगों को तुरंत न्याय देना चाहिए।

It is understood that very recently the Government of India has announced a Joint Water Commission. I would like to suggest that the Government of India should include or co-opt atleast one member from the Bodoland area in the Joint Water Commission.

MR. CHAIRMAN : Your time is over. Please take your seat now.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY : Thank you, Sir.

SHRI ANWAR HUSSAIN (DHUBRI): Thank you, Sir, for giving me an opportunity to speak on the very critical

national problem as created by recent floods and droughts. I would not like to repeat what my other friends have already said. I would confine my speech here only on the problems of Assam.

The floods in Assam were unprecedented. Never in history were all the districts of Assam flooded. This time, all the 27 districts of Assam were flooded. The first wave of floods came in the month of April. At that time, the parliamentary elections in April had to be postponed in Silchar parliamentary constituency due to floods. The second wave of floods started on the 6th of July due to a breach in the Kurshi dam of Bhutan. The Kurshi dam of Bhutan is very dangerous for Assam because whenever water overflows, it gives way for water to come into Assam and thereby great floods are caused repeatedly. After the 6th of July, the third wave of floods came on the 11th of July. We are now apprehending and anticipating that there might be another wave of floods by the first week of September, which naturally occurs. So, this is very peculiar.

For the first time since 1947 this Government has sanctioned Rs. 50 crore from the National Calamity Contingency Fund and so I congratulate the Central Government for this. The Central Government had sent an assessment team to Assam. They had assessed the devastation. The Prime Minister and other Ministers had visited Assam. He promised to constitute a Task Force. Later on, Shrimati Sonia Gandhi also visited Assam.

In these floods, 269 lives have been lost and more than five lakh people have been rendered homeless. The peculiar situation in Assam is that when floods come river erosion starts. It is a peculiar word for other parts of the country. About 30,000 families have been rendered homeless, propertyless and bereft of their agricultural land. They are now street beggars. When flood waters come and go, we can repair the houses that are damaged, but 30,000 families have lost all of their agricultural land, homes and all property. They are rendered street beggars. Every year when this erosion takes place but our hon. friends from the BJP if visit Assam, they would call these 30,000 families as Bangladeshis. Yes, this is going on and I am reproducing their views only. So, this is the problem. Fortunately, the Government of Assam yesterday has announced that the Government would rehabilitate about 70,000 people by giving Rs. 500 to 60,000 families and Rs. 10,000 to 10,000 families.

Now, the question is about the rehabilitation of the people who lost their land and homes. I would request the Government to see, if the I.A.Y. houses can be provided to these landless and homeless people.

I would like to make a few suggestions. The Task Force has already been formed. It should work right from this movement. The Bramhaputra Board should be reconstituted. About 55 tributaries are there. They must be tamed alongwith the Brahmaputra.. Silting is going on and the Government must take an action to resist silting. Anti-erosion measures must be taken. Here, I would like to say that 55 anti-erosion schemes are lying with the Central Government − 38 schemes are on-going and 17 schemes are new schemes.

It is unfortunate that in 2001 the NDA Government stopped the Central Loan Scheme (CLS) and thereby stopped works at all the 55 schemes. So, I request the Government to sanction money for those schemes. The rehabilitation of these people is very important. I, therefore, request the Government to take appropriate measures for their rehabilitation and declare flood and erosion problem as a national problem.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): The very famous Subarnarekha river which runs through Jharkhand, West Bengal and Orissa devastates three blocks in my constituency called Jaleswar, Basta and Baliapal. The incomplete dam projects in Chandil and Galudhi in Jarkhand have been under construction since ages. These are the main reasons for the cause of the devastating floods in my area. So, I will appeal to the Government of India that they should take an initiative to see that these dam projects be completed as quickly as possible.

Here, my suggestion is that the Government should chalk out a master plan for national flood control. The piecemeal plans implemented by the State Governments lead to nothing. So, instead of bringing in any solution, they rather compound the problems and they compound the tragedies. A spur here, an embankment there, and stone patching in a third place though it saves a particular area on the other hand, it inundates other areas which never witnessed floods since ages. The States, whenever they implement any plan with regard to the flood control, should only follow the master plan enunciated by the Government of India. The river mouth of Subarnarekha has been silted. It is incapable of drawing water to the sea and it is incapable of drawing flood water. So, it should be dredged and the Government of India should provide the Central assistance for dredging of this river mouth of Subarnarekha.

The prawn farmers have created a havoc in Orissa.

They have raised very high embankments parallel to the seacoast and to the riverbeds. They do not stick to the CRZ − Central Regulatory Zone rules by which no commercial activity could be taken up within 500 metres of the high tide zone. These embankments raised by the prawn farmers prevent rainwater from being drained to the

riverbed, to the sea. So, my appeal to the Government of India is that they should take initiative that these embankments be removed as quickly as possible so that it will pave a solution to the flood situation in most of the coastal States.

Last but not least, I will appeal to this Government that this Government should go for the river connectivity project enunciated by the previous NDA Government. This will facilitate the water management which was a point raised by many, many hon. Members in this House. If this river connectivity project is followed up by this UPA Government, the excess water could be transferred and distributed in water scarcity areas.

MR. CHAIRMAN : Shri Nikhil Kumar − Not present.

Shri Ravi Prakash Verma to speak now.

**श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) :** माननीय सभापति जी, आपने इस युग की सबसे बड़ी समस्या पर बोलने का मुझे अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। साथ ही मैं रामजीलाल सुमन और प्रबोध पांडा जी का आभारी हूं जिन्होंने राट्रीय ही नहीं बल्कि अन्तर्राट्रीय महत्व की समस्या पर सदन का ध्यान आकर्ाित किया। पानी एक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। कहीं पर ज्यादा पानी से बाढ़ आती है और कहीं पानी की कमी से सूखा पड़ता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे हिन्दुस्तान में जो खेती के उत्पादन के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण राज्य हैं, वे सीधे-सीधे इससे प्रभावित हुए हैं। कहीं पर सूखा है और कहीं पर बाढ़ है। जन-जीवन जो इससे संबंधित है उसकी परिस्थितियां भी इससे पूरी तरह बदल रही हैं।

महोदय, खेती एक ह्यूमन इंटरप्राइस है। वह एक ऐसी एक्टिविटी है जो आइसोलेट नहीं हो सकती। उसके साथ एक पूरा समाज जुड़ा है। उससे एक बहुत बड़ी एक्टिविटी की रेंज जुड़ी रहती है। एक पूरा सिस्टम है जिस में समाज के विभिन्न तबकों के लोग परस्पर एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं। इसी तरीके से वे लंबे समय से यानी हजारों सालों से इस पर निर्भर चले आ रहे हैं और आज भी ऐसा जीवन यापन कर रहे हैं। हिन्दुस्तान में तकरीबन 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग सीधे तौर पर खेती से जुड़े हैं लेकिन आज खेती अनिश्चितता की स्थिति में जा रही है। â€¦ (व्यवधान)

एक तरफ जहां बहुत से अन्तर्राट्रीय कारण बन रहे हैं जो खेती को चौपट कर रहे हैं, दूसरी तरफ जो प्राकृतिक कारण बन रहे हैं उन से खेती को नुकसान हो रहा है। उनसे पलने वाला जो समाज है, उसके सामने भी अनिश्चितता का भविय है। मैं यह बात खास तरीके से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश एक बहुत महत्वपूर्ण राज्य है जहां पर तकरीबन 18-20 परसैंट आबादी पूरे देश की रहती है। वह बहुत महत्वपूर्ण प्रदेश है। इसकी प्रगति की दिशा सूखे और बाढ़ के कारण अवरुद्ध हो रही है। मुझे लगता है अब ऐसा समय आ गया है जब हम सभी लोगों को इसका हल निकालना होगा। युग की सबसे बड़ी समस्या से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाने होंगे। स्थानीय स्तर पर काम करना पड़ेगा और दूर दृटि से भी काम करना पड़ेगा। मैं इस बात से आपको अवगत कराना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र जो नेपाल से लगा है, अभी कई पूर्ववक्ताओं ने इस बात को जाहिर किया है कि नेपाल से बह कर आने वाली जो नदियां हैं, वहां से अप्रत्याशित रूप से अतिरिक्त पानी आया है।

जितने सीमावर्ती क्षेत्र हैं, उनमें भी बाढ़ आई है। बाढ़ आने से जितने महत्वपूर्ण इस्टेब्लिशमंट्स थे, वे नट हो गये हैं। मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि इससे न केवल आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि हिन्दुस्तान के सामरिक हितों का भी नुकसान हुआ है। सब से बड़ी बात तो यह है कि यह मामला सिर्फ हिन्दुस्तान का नहीं रह गया है, बल्कि यह मामला उसके आसपास के पड़ोसी देशों -नेपाल, बंगला देश, भूटान आदि से भी जुड़ा हुआ है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर एक अन्तरराट्रीय आम सहमति बनाने की आवश्यकता है। चूंकि यह इस युग की बड़ी समस्या है, उस पर बड़े पैमाने पर गौर करने की आवश्यकता है। मैं यहां एक बात और जोर देकर कहना चाहता हूं कि मेरे पास एक रिपोर्ट है जिसे मैं रैफर कर रहा हूं :

Third Assessment Report of the Inter-governmental Panel on Climate Change (IPCC) concluded that "more intense precipitation events (hence flooding) are very likely over many areas. Increased summer drying and associated risk of drought is likely over most mid-latitude continental interiors. Even with little or no change in El Nino amplitude, an increase in temperatures globally is likely to lead to greater extremes of drying and heavy rainfall, and increase the risk of droughts and floods that occur with El Nino events in many different regions."

यह खास मुद्दा मुझ से पहले चौ. लाल सिंह जी ने भी उठाया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण एशियन सब-कांटिनेंट में जिस तरीके से बाढ़ और सुखाड़ में परिवर्तन आ रहा है, उससे बाढ़ की समस्या बढ़ रही है। इस रेफ्रेंस में साफ दिया हुआ है :

Another study estimated that a two degree centigrade rise in average temperature and a seven per cent increase in average precipitation would reduce net revenues by 12.3 per cent for the country as a whole.

इसके आर्थिक परिणाम हैं या ग्लोबल वार्मिंग से पर्यावरण की छेड़छाड़ हो रही है, उससे जो वातारण बन रहा है, उसके आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक परिणाम बड़े पैमाने पर न केवल पूरे हिन्दुस्तान को बल्कि पूरे साउथ ईस्ट एशिया को परेशान करने वाले हैं । मेरा सोचना है कि इस गम्भीरतम मामले पर गम्भीरता से बहस की जाये जो लम्बे समय तक चले और इसे चालू कराया जाये जिससे हम लोग उसका परिणाम निकाल सकें ताकि लौंग टर्म रेमेडी ला सकें। हमारी अर्थ व्यवस्था आज मोटे तौर पर बरसात पर आधारित है। मुझे लगता है कि अब वह समय आ गया है जब हम इस बात पर गौर करें कि खेती को उद्योग का दर्जा दिया जाये विशोकर जो खेती एक ह्युमन एटरप्राइसेज है, उसे उस तरीके से संगठित करें कि चाहे बाढ़ आये, चाहे सूखा पड़े, उस पर जो पलने वाली आबादी है, वह कम से कम एन्श्योर हो सके कि आने वाले समय की परिस्थितियां इतनी खराब न हो जायें कि दूरगामी आर्थिक कुपरिणाम दे जायें। मुझे लगता है कि वह समय आ गया है कि जब आल्टरनेटिव एग्रीकल्चर मैथड्स हों जिससे बाढ़ में खेती और कम बाढ़ के समय लोग सस्टेन कर सकें। इस पर गौर करने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, मैं एक बात और कहकर अपना भााण समाप्त करूंगा। भारत सरकार को एक विशे कार्य दल बनाकर उन लोगों को पुनर्वास के लिये कुछ विशे कार्यक्रम चलाने होंगे क्योंकि यह एक परमानेंट समस्या बन चुकी है। भविय में यह समस्या और न बढ़ जाये, हमारे लिये एक चेतावनी भी है, इसे नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समंय दिया।

**श्री जय प्रकाश (हिसार) :** सभापति महोदय, सूखा और बाढ़ दोनों ही महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मैं हरियाणा प्रदेश से आता हूं। अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि हरियाणा में सूखा पड़ रहा था। क्योंकि एन.डी.ए. ने वहां सरकार बनाई थी और केन्द्र सरकार ने हरियाणा प्रदेश को सूखा घोाित किया तो हम लोग हरियाणा के मुख्य मंत्री जी से मिले थे और उनसे कहा कि प्रदेश में किसान के खेत सूखे हैं। जहां धान की फसल लगी थी, वह सूख गई है। बाजरे की समय पर बिजाई नहीं हुई, कपास की समय पर बिजाई नहीं हुई है।

हरियाणा प्रदेश की सरकार ने हरियाणा को सूखा घोति नहीं किया और यह कहकर किसान को आर्थिक सहायता देने से वंचित कर दिया कि यदि एक अगस्त तक र्वा नहीं होती है तो उसके बाद सूखा घोति करेंगे। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि हरियाणा प्रदेश में पूर्ण रूप से किसान और मजदूर विरोधी सरकार है। जिस सरकार ने अपने को साहूकारी शिकंजे में फंसाकर हरियाणा प्रदेश के किसानों को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम किया है। एक अगस्त के बाद जो र्वा आई, उस र्वा से किसान को ज्यादा लाभ नहीं मिला, बल्कि जहां अच्छी फसलें लगी थीं, जहां हमारे इलाके में धान की फसल थी, वहां ज्यादा र्वा होने से किसान की फसल को नुकसान हुआ है। क्योंकि एक अगस्त के बाद न तो धान की रोपाई हो सकती है और न नरमा कपास तथा बाजरे की बिजाई हो सकती है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि हरियाणा प्रदेश के किसान जो बुरी तरह से सूखे से पीड़ित हैं, उन्हें केन्द्र सरकार की तरफ से मुआवजा दिया जाए। हरियाणा प्र ादेश सरकार हरियाणा के किसानों को कुछ नहीं देगी।

सभापति महोदय, आज हरियाणा के 11 जिलों में सूखा है और दूसरी तरफ सात जिलों में भयंकर बाढ़ आई हुई है। पंजाब के मित्र यहां नहीं बैठे हैं, क्योंकि हमारा एस. वाई.एल. का मामला है। जब पंजाब एस.वाई.एल. नहर का पानी रोक देता है तो हरियाणा प्रदेश में सूखा पड़ता है और जब पंजाब में ज्यादा र्वा होती है तो एस. वाई.एल. नहर हमारे इलाके को डुबोने का काम करती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जितनी भी नदियां है, सारी नदियों को केन्द्र सरकार अपने नियंत्रण में ले ले, ताकि जिन दूसरे प्रदेशों को उन नदियों का पानी मिलता है, वहां की सरकारें उस पानी को न रोक सकें। दो महीने पहले पंजाब सरकार से जो हमारा पानी का समझौता था, उसे उन्होंने विधान सभा में रद्द कर दिया। यदि उन नदियों पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण होता तो पंजाब सरकार हमारे पानी को नहीं रोक सकती थी। आज भाजपा के पंजाब के साथी चले गये, वे कहते हैं बाढ़ से हमारा इलाका डूब गया है। जब हम उनसे पानी मांगते हैं तो वे हमें पानी नहीं देते हैं और हम सूखे से मरते हैं। जब वहां बाढ़ आ जाती है तो उसी सतलुज नदी का पानी छोड़कर वे हरियाणा प्रदेश को डुबोने का काम करते हैं। इसका एक ही उपाय हो सकता है कि इन नहरों पर प्रदेश सरकारों का नियंत्रण नहीं होना चाहिए, जो अपनी पार्टी के फायदे के लिए और अपने प्रदेश की जनता के फायदे के लिए इस तरह के गलत कानून बनाकर या जो फैसले केन्द्र सरकार के माध्यम से होते हैं, उन्हें निरस्त कर देती हैं, जिस तरह से पंजाब सरकार ने हरियाणा और राजस्थान के साथ बड़ी बेईमानी की है। लेकिन उसमें भाजपा बहुत बड़ी दोाी है। एक तरफ वह पंजाब के निरस्त समझौते का समर्थन करती है और यहां आकर कहती है कि वह गलत हुआ है। इसलिए मैं भाजपा सरकार से कहूंगा कि दो र्वा पहले हरियाणा में जो सूखा पड़ा था और यहां एन.डी.ए. की सरकार थी, उसने किसानों को 10 रुपये, 15 रुपये प्रति एकड़ मुआ वजा दिया। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यहां से तुरंत पैसा भेजा जाए और यह पैसा सीधा किसानों को मिले। â€¦ (व्यवधान)आपने ऐसी सरकार बनाई जिसने पांच पैसे और पंद्रह पैसे भी दिये हैं। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) :** सभापति महोदय, आपने बाढ़ और सुखाड़ पर मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। भारत के लिए बाढ़ एक ऐसी गंभीर समस्या है कि इसका जल्दी ही स्थायी निदान होना चाहिए। बिहार के 17 जिले इस समय गंभीर रूप से बाढ़ से प्रभावित हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक बांध मजबूत नहीं होगा, नदी की उड़ाही नहीं होगी, नहर की उड़ाही नहीं होगी,नदी और बांध के किनारे पेड़ नहीं लगाये जायेंगे, तब तक प्रति र्वा बांध टूटते रहेंगे और बिहार में आने वाली बाढ़ को रोक नहीं जा सकेगा। इसलिए मेरा कहना है कि नेपाल और भारत के बीच एक ऐसा डैम बनाना चाहिए, जिससे उत्तरी बिहार को बाढ़ से निजात मिल सके। एक तरफ बाढ़ है और एक तरफ सुखाड़ है और दूसरी तरफ महंगाई भी बढ़ती चली जा रही है। जिस तरह से पैट्रोल, डीजल और कैरोसीन आइल के दाम बढ़ रहे हैं उसी तरह से एक तरफ सुखाड़ से लोग मर रहे हैं और दूसरी तरफ बाढ़ से लोग मर रहे हैं। सरकार को इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। बिहार एक गरीब प्रदेश है जहां के लोग भी गरीब हैं और जिनकी जीविका के साधन भी सीमित हैं। एक तरफ बाढ़ में घर बह गया और दूसरी तरफ फसल नट हो गई। उत्तर बिहार गन्ना के लिए बहुत उपजाऊ भूमि है। मैं कहना चाहता हूँ कि बिहार में प्रधान मंत्री जी गए थे और 115 करोड़ रुपये देने की घोाणा उन्होंने की थी, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूँ कि जिस तरह से माननीय मुख्य मंत्री जी ने 8000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है, वह पैसा भारत सरकार को राज्य सरकार को तुरंत देना चाहिए ताकि इसका स्थायी निदान हो और राहत सामग्री तुरंत सड़क मार्ग द्वारा पहुँचाई जा सके। इस बाढ़ से इंदिरा आवास के अंतर्गत रहने वाले सात-आठ लाख गरीबों के मकान ध्वस्त हो गए हैं। उनको बनाने के लिए भी यह पैसा मिलना चाहिए। मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि बिहार को विशो राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और स्पेशल पैकेज मिलना चाहिए। जिस तरह से पंजाब और हरियाणा को संपन्न राज्य माना गया है, उसी तरह से उत्तरांचल को भी माना गया है। आज मैं सदन से और आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि बिहार को भी पंजाब और हरियाणा तथा उत्तरांचल जैसा दर्जा मिलना चाहिए। यह एक गंभीर समस्या है। इससे निपटने के लिए जिस तरह से माननीय सांसद रघुनाथ जी ने कहा, आपने भी सुझाव के तौर पर सरकार को कहा, मेरा भी सुझाव है कि सरकार इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) :** सभापति जी, यहां कई माननीय सदस्यों ने बताया कि कई राज्यों में बाढ़ और सूखा पड़ा है लेकिन हमारा यूनियन टैरिटरी दमन और दीव जो मेरा निर्वाचन क्षेत्र है, वहां 3 अगस्त को भारी र्वा के कारण दमनगंगा नदी में बाढ़ आई। उस नदी के किनारे एक मधुबन डैम गुजरात सरकार ने बनाया है। उस डैम से इतना भारी पानी एक साथ छोड़ा गया जिसकी वजह से तथा समुद्र की हाई टाइड्ज की वजह से बड़ी दमन और छोटी दमन के दोनों किनारों पर जितने गांव थे, सब पानी में बह गए और लोग सड़कों पर आ गए।

पिछले साल 28 अगस्त को छोटी दमन और बड़ी दमन को जोड़ने वाला ब्रिज टूट गया था। उसको सरकार ने बनाया और स्टेट होम मिनिस्टर श्री एस.रघुपति ने उसका उद्घाटन किया। अभी उसका उद्घाटन हुए 45 दिन भी नहीं हुए कि 3 तारीख को वह ब्रिज बह गया। आज छोटी दमन और बड़ी दमन अलग हो गए हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे बड़ी दमन नहीं जा सकते, बड़ी दमन जाने वाले छोटी दमन नहीं जा सकते। उसके लिए सड़क मार्ग से घूमकर जाना पड़ता है जिसमें डेढ़ घंटा लगता है। जो नुकसान हुआ है उसके बारे में मैं बताता हूँ। Fully damaged *pucca houses* -- 75 to 100 in municipality area; it is between 50 to 60 in village area; partly damaged *pucca* houses -- 325 to 350 in municipality area; Partly damaged houses - 75 to 100 in village area; marginally damaged houses - 1800 to 2000 in municipality area, and 300 to 350 in village area; foodgrains shops - 40 to 50 in municipality area, and 10 to 15 in village area; others − 200 to 250 in municipality area, and 25 to 50 in village area; bars and restaurants − 8 to 10 in municipality area; fully damaged boats - 12 to 15 in municipality area; partly damaged boats - 20 to 30 in municipality area.

महोदय, जो हमारे लोग हैं वे बीच रास्ते में हैं। उनके घर बह गए हैं। होम मिनिस्ट्री का एक सर्कुलर है जिसके अनुसार पक्के हाउस के लिए 10,000 रुपए की सहायता, कच्चे घर के लिए 6000 हजार रुपए की सहायता और डैमेज घर के लिए 1800 से 2000 रुपए की सहायता दी जाती है। आजकल महंगाई के युग में होम मिनिस्ट्री के सर्कुलर के अनुसार जो सहायता दी जाती है उससे हाउस की एक दीवार भी नहीं बन सकती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि इस सहायता को बढाया जाए।

महोदय, मैंने 200 करोड़ रुपए रिलीफ दिए जाने की डिमांड की है। वह रिलीफ दी जाए। जिन लोगों की बोट नट हुई हैं, जिन लोगों के मकान बहे हैं, नट हुए हैं,

क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी भरपाई की जाए। इस संबंध में मैंने होम मिनिस्टर, प्राइम मिनिस्टर और मैडम सोनिया गांधी जी को भी पत्र लिखे हैं और प्रार्थना की है कि हमें रिलीफ जल्दी से जल्दी दी जाए। हमारे लोग मच्छी मारकर और खेती कर के अपना गुजारा करते हैं। जो लोग इंडस्ट्री में लगे हैं, वे भी बेकार हो गए हैं क्योंकि इंडस्ट्रीज में भी करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन अभी तक हमें कोई रिलीफ नहीं मिली है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि हमें जल्दी से जल्दी रिलीफ मिले ताकि हम उसे बांट सकें। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं।

**श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) :** सभापति महोदय, महात्मा बुद्ध ने कहा था कि पाटलिपुत्र अग्नि और जल से हमेशा कुप्रभावित रहेगा। पाटलिपुत्र की प्ाचीन धरती जिसे आज बिहार की धरती कहा जाता है, वहां आज महात्मा बुद्ध की कही हुई बात का प्रतिबिम्ब देखने को मिलता है।

महोदय, पिछले दिनों बाढ़ की विभीाकिा की वजह से बिहार और असम सुर्खियों में रहे। बिहार में बाढ़ की जो विभीाकिा रही, वह अभूतपूर्व थी। वहां स्थिति ऐसी थी कि प्रधान मंत्री बाढ़ का जायजा लेने बिहार गए, तो उनका हैलीकॉप्टर तक उतारे जाने की जगह दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, शिवहर, सहरसा आदि जिलों में नहीं मिली। वहां के लोगों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, बिहार की सरकार चार समस्याओं से अनवरत जुझती रही है। अभी वर्तमान में जहां एक ओर बिहार के 20 जिलों की जनता बाढ़ से प्रभावित है वहीं दूसरी सात-आठ जिलों की जनता सूखे से बुरी तरह प्रभावित हो रही है। तीसरी समस्या जल-जमाव की है। बिहार में 10 लाख हैक्टेयर जमीन में जल-जमाव की समस्या है। पानी की पूर्ण निकासी नहीं होने के कारण जल-जमाव की समस्या रहती है और चौथी समस्या कटाव की है। बिहार से होकर गुजरने वाली जो नदिया हैं उनका बहाव इतना तेज होता है, इतनी तेजी से वे बिहार के क्षेत्र से बहकर निकलती हैं कि उनके तेज बहाव के कारण सैकड़ों गांव कुप्रभावित होते हैं और कहीं-कहीं तो पता चलता है कि दो-तीन महीने के अंदर ही गांव के गांव नदी के आगोश में समा गए। ऐसे दृय बिहार में देखे जाते हैं। इसके कुछ कारण हो सकते हैं और मैं यह भी मानता हूं कि पर्यावरण इसका एक बड़ा कारण हो सकता है। इस पर रिसर्च होनी चाहिए।

**<u>20.00 hrs.</u>**

हम लॉंग टर्म सोल्यूशन की बात करते हैं, हाई डेम प्रोजेक्ट के बारे में जो हमारी केन्द्र सरकार सोच रही है, उसके लिए हम उन्हें साधूवाद देते हैं। मेरा यह कहना है कि उस कार्य में तेजी लाई जाए और जल्द से जल्द इस कार्य को अंजाम देने की कोशिश की जाए। इसके साथ-साथ जो हाई डेम प्रोजेक्ट है, उसे एक मल्टी परपस यूसफूल प्रोजेक्ट के तौर पर बनाया जाना चाहिए ताकि विद्युत के अभाव की समाप्ति हो सके। बिहार में और कृाि के साधन केनाल नेटवर्किंग के माध्यम से बनाए जा सकें, इस तरह के उपाय किए जाने चाहिए। सुखाड़ वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर एफोरेस्टेशन की आवश्यकता है ताकि उस क्षेत्र में जो पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, उसकी वजह से वहां वाा नहीं हो रही है। जलस्तर दिनोंदिन जमीन के नीचे घटता जा रहा है, बाढ़ के दिनों में वहां और भी भयानक स्थिति पैदा हो सकती है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि बिहार की हमारी सरकार ने बहुत ही तत्परता के साथ पिछले दिनों बाढ़ में वहां जो तबाही हुई, उसने निबटने का कार्य किया और केन्द्र सरकार की मदद को पूरा अंजाम देने का काम किया। वहां जो रिलीफ मैनेजमेंट था, उन्होंने उसे पूरा किया, इसके लिए हम अपनी बिहार की सरकार को धन्यवाद देना चाहेंगे। सरकार ने तत्परता से बाढ़ डिजास्टर मैनेजमेंट को संभालने का काम किया है। केन्द्र की सहायता से वहां की सरकार ने प्रोपरली असेस करके 8000 करोड़ रुपए की मांग की है। मैं समझता हूं कि यह मांग बिलकुल जायज है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इसे बहुत माइन्यूटली असेस करने की जरूरत है। बिहार में खेती बहुत बड़े पैमाने पर तबाह हुई है और वहां लगातार डिजास्टर में जिस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, उससे भी अधिक समस्याएं मुंह बाएं खडी हैं। उससे महामारी की स्थिति आ सकती है। भूख से जो लोग मर रहे हैं, उनके घर तबाह हो गए हैं, उन्हें अपने घर का पता ही नहीं चलता। ऐसी स्थिति जो पैदा हुई है, उसे रेस्टोर एवं रिस्ट्रक्चर करने में, जो पशुधन तबाह हुए हैं, जान-माल की क्षति हुई है, उसे रेस्टोर करने में सही आंकड़े लिए जाएं। यह राट्रीय भावना की बात होनी चाहिए। मैं शर्मा जी की बात से सहमत हूं, उन्होंने कहा कि इस तरह की जो आपदा है वह किसी स्टेट की प्रोबल्म नहीं हो सकती, इस मामले में भावनात्मक सोलिडरिटी पूरे देश में होनी चाहिए। इसमें पूरे राट्र की भावना जुड़नी चाहिए और राट्रीय सहायता पूरे तौर पर मिलनी चाहिए।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 17th August, 2004 at 1100 hours.

**<u>20.04 hrs.</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Tuesday, August 17, 2004 /Sravana 26, 1926 (Saka)*

----------